Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020 से 2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर , वर्ष 18,अंक - 251 शुक्रवार ,15 जुलाई 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

लक्ष्य को ही अपना जीवन कार्य समझो और हर समय उसका चिंतन करो,उसी का स्वप्न देखो और उसी के सहारे जीवित रहो।

-स्वामी विवेकानंद-

# भारत करेगा खाद्य संकट का समाधान, देशभर में बनाए जाएंगे कई फूड पार्क

### इजरायल, US और UAE की होगी बड़ी भूमिका

**नई दिल्ली, 14 जुलाई 2022।** 2U2 के चारों सदस्य देशों भारत, इजरायल, यूएई और अमेरिका के शीर्ष नेताओं की गुरुवार को हुई बैठक में इस समूह के आर्थिक एजेंडे पर सहमति बन गई है। इस बैठक में यह फैसला किया गया है कि वैश्विक खाद्य संकट की संभावना को देखते हुए भारत में दो अरब डालर की लागत से कई समग्रित फूड पार्क स्थापित किये जाएंगे। यह निवेश यूएई करेगा जबकि इजरायल व अमेरिका की कंपनियों की तकनीकी व दूसरी जरूरी आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका होगी।




इसी तरह से एक दूसरा फैसला किया गया है कि गुजरात में रिनीवेबल ऊर्जा (सोलर व पवन) से 300 मेगावाट का बैट्री स्टोरेज सिस्टम स्थापित किया जाएगा। इस पर संभाव्यता अध्ययन के लिए अमेरिका की ट्रेड व डेवलपमेंट एजेंसी 33 करोड़ डालर उपलब्ध कराएगी। चारों देशों की तरफ से जारी संयुक्त बयान मे कहा गया है कि इस तरह की परियोजनाओं की मदद से भारत को रिनीवेबल ऊर्जा सेक्टर में एक वैश्विक हब बनाने में मदद मिलेगी।

आइ2यू2 की यह पहली शीर्षस्तरीय बैठक थी। इसमें पीएम नरेन्द्र मोदी, इजरायल के पीएम येर लापिड, यूएई के प्रसिडेंट शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने हिस्सा लिया। इस संगठन की परिकल्पना इन देशों के विदेश मंत्रियों की 18 अक्टूबर, 2021 को हुई एक बैठक में की गई थी। चारों देशों की गंभीरता को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि राष्ट्रपति बाइडन ने इजरायल व खाड़ी देशों की अपनी बहुप्रतीक्षित यात्रा के दौरान इसका आयोजन किया है।

संयुक्त बयान और बैठक के बाद चारों देशों के विदेश मंत्रालयों की तरफ से अलग अलग की गई ब्रीफिंग से साफ है कि अभी इस संगठन का उद्देश्य पूरी तरह से आर्थिक, खास तौर पर खाद्य व ऊर्जा सुरक्षा की चुनौतियों को देखते हुए दीर्घकालिक समाधान खोजना है।

## अमरनाथ यात्रियों से भरी बस ने ट्रक को मारी टक्कर, कम से कम 20 घायल

**श्रीनगर, 14 जुलाई 2022।** अमरनाथ यात्रियों से भरी एक बस के जम्मू-कश्मीर के काजीगुंड इलाके में एक ट्रक को टक्कर मार दी। इसके बाद करीब 20 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। श्रीनगर-जम्मू हाइवे पर यह हादसा हुआ। गनीमत है कि घटना में किसी की जान नहीं गई है।



वीडियो फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि चौराहे पर आकर एक डंप ट्रक रुकता है। थोड़ी ही देर बाद पीछे से तेज स्पीड में बस आती है और ट्रक को टक्कर मारती है। ट्रक इसके बाद धीरे-धीरे चलता है और टर्न लेता है। घटना को देखकर मौके पर मौजूद लोग भी डर गए। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश की वजह से पहलगाम और बालताल के रास्ते से होने वाली अमरनाथ यात्रा को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को अगले निर्देश तक बैस कैंप में रहने को कहा है। मौसम साफ होने के बाद यात्रा शुरू करने पर फैसला किया जाएगा। वहीं जानकारी के मुताबिक जम्मू से 5449 यात्रियों का जत्था कश्मीर के लिए रवाना किया गया है। बालताल और पहलगाम मार्ग पर बारिश लगातार हो रही है। ऐसे में भूस्खलन के खतरे को देखते हुए यह फैसला किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मशहूर पंजाबी गायक दलेर मेहंदी हुए गिरफ्तार, 2003 के इस मामले में दो साल की सजा



**पंजाब, 14 जुलाई 2022।** मशहूर पंजाबी सिंगर और मीका सिंह के भाई दलेर मेहंदी को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिंगर पर साल 2003 के मानव तस्करी (कबूतरबाजी) का मामला दर्ज है। पटियाला सत्र अदालत ने गुरुवार को गायक दलेर मेहंदी की दो साल की जेल की सजा को बरकरार रखा। अब उन्हें पटियाला जेल भेजा जा रहा है। पटियाला पुलिस ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया है। उन्होंने दो साल जेल की सजा के खिलाफ याचिका दायर की थी जिस अपील को खारिज कर दिया। गया है।

### वन मंत्री उनियाल ने दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की मुलाकात

**देहरादून 14 जुलाई 2022।** वन मंत्री सुबोध उनियाल ने दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने बताया कि इस दौरान राज्य के विकास संबंधी बिंदुओं पर सकारात्मक तौर पर चर्चा हुई। वन मंत्री ने कहा कि वन क्षेत्र के आधिक्य वाले राज्यों में शुमार उत्तराखंड राज्य का सामरिक दृष्टि से अपना महत्व है। ऐसे में केंद्र को विशेष महत्व राज्य को देना चाहिए। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री की ओर से राज्य की विकास सम्बन्धी योजनाओं में भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया गया है।

### उन्हे अब मुख्य आर्थिक ज्योतिषी नियुक्त करें

#### पी चिदंबरम का सीतारमण पर तंज

**नई दिल्ली,14 जुलाई 2022।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हे अब एक चीफ इकनॉमिक एस्ट्रोलॉजर (मुख्य आर्थिक ज्योतिषी) की नियुक्ति कर लेनी चाहिए. निर्मला सीतारमण ने नासा की नयी अंतरिक्ष दूरबीन द्वारा ब्रह्मांड का अब तक का सबसे गहरा रूप प्रस्तुत किये जाने से जुड़े कुछ ट्वीट रीट्वीट किये थे. इसी को लेकर चिदंबरम ने उन पर कटाक्ष किया. पूर्व वित्त मंत्री ने ट्वीट किया कि हम इस बात से हैरान नहीं हैं कि वित्त मंत्री ने उस दिन बृहस्पति, प्लूटो और अरुण ग्रहों की तस्वीरें ट्वीट कीं जब मुद्रास्फीति 7.1 प्रतिशत और बेरोजगारी दर 7.8 प्रतिशत दर्ज की गयी.।



## अब कॉन्ट्रैक्ट बेस पर होगी स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती,880 पद भरने की मिली मंजूरी







### 10 दिनों के लिए तबादले पर हटा प्रतिबंध

**हिमाचल प्रदेश, 14 जुलाई 2022।** आज मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट मीटिंग हुई जिसमे कई बड़वे फैसलों पर मुहर लगाई गई। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सा अधिकारियों के 500 पदों को भरने का निर्णय लिया गया। हिमाचल प्रदेश कैबिनेट की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने की।

बैठक में विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने के अलावा कई बड़े फैसले लिए गए हैं। मंत्रिमंडल ने लोगों को उनके घरों के पास बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सा अधिकारियों के 500 पदों को भरने का निर्णय लिया गया। इन 500 पदों में से 300 पद एक माह के भीतर वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से और 200 पद हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरे जाएंगे।

मंत्रि-परिषद ने राज्य के विभिन्न स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत अनुबंध के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के 880 पदों को भरने का भी निर्णय लिया। वहीं 18 से 27 जुलाई 10 दिनों के लिए तबादलों पर प्रतिबंध हटाने का निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल ने राज्यपाल को हिमाचल प्रदेश का मानसून सत्र बुलाने की सिफारिश करने का भी निर्णय लिया।

## महिलाओं ने बीजेपी विधायक को कीचड़ से नहलाया

**महाराजगंज, 14 जुलाई 2022।** भारत में मानसून के समय बरसात न हो तो इसके लिए कई प्रकार के टोने-टोटके प्रचलित हैं. कहीं मेंढक की मेंढकी से शादी कराई जाती है तो कहीं छोटे बच्चों का समूह मुहल्ले बस्ती के हर घर पर जाकर अपने ऊपर पानी का बौछार करवाता है. ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में महिलाएं अपने क्षेत्र के भाजपा विधायक को कीचड़ से नहलाती दिख रहीं हैं. महिलाओं ने कीचड़ से नहलाने के बाद कहा कि अब इंद्र भगवान खुश होंगे और बारिश होगी.



बता दें कि यूपी के महाराजगंज जिले में अंधविश्वास के चलते बरसात न होने पर कीचड़ स्नान की परंपरा है. जिले में बारिश न होते देख इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए नगर के पिपरदेउरा मुहल्ले की महिलाओं ने सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया और नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल को मंगलवार रात कीचड़ से नहला दिया. इसके बाद महिलाओं ने कहा कि अब इंद्र भगवान खुश होंगे और बारिश होगी.

सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने भी कहा कि भीषण गर्मी में सभी लोग परेशान हैं. बारिश न होने के कारण धान रोपाई नहीं हो पा रही है. पुरानी परंपरा रही है कि कीचड़ से किसी को नहलाने पर इंद्र भगवान खुश हो जाएंगे और बारिश होगी. इस आयोजन के बाद क्षेत्र में बारिश होगी. जिससे फसलों को भी फायदा होगा. इस अवसर पर सभासद सिनोद कुमार, गोपाल शर्मा, हरी सिंह आदि मौजूद रहे।

## कैबिनेट की बैठक में बड़ा फैसला-राज्य में पेट्रोल 5 रुपये तो डीजल 3 रुपये हुआ सस्ता

**मुंबई, 14 जुलाई 2022।** महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सत्ता की बागडोर संभालते ही फुल फॉर्म में नजर आ रहे हैं. महाराष्ट्र में आम जनता से जुड़ी एक राहतभरी खबर सामने आ रही है. राज्य में पेट्रोल और डीजल सस्ता हो गया है।



महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट में पेट्रोल और डीजल के दाम करने को लेकर फैसला लिया गया है। सरकार के इस फैसले से आम लोगों को फायदा होगा। पेट्रोल की कीमतों में 5 रुपये जबकि डीजल की कीमत में 3 रुपये की कटौती की गई है।

ज्ञात हो कि प्रदेश में एकनाथ शिंदे की नई सरकार ने पहले ही पेट्रोल-डीजल के भाव कम करने इरादा जाहिर कर दिया था। अब सरकार ने कैबिनेट की बैठक में इस फैसले पर मुहर लगा दी है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि केंद्र ने करीब डेढ़ महीने पहले पेट्रोल और डीजल की कीमतें घटायी थी। केंद्र ने पेट्रोल और डीजल से क्रमशः 8 रुपये और 6 रुपये एक्साइज ड्यूटी घटा दिया था। इसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों को घटाने का फैसला किया था।

देवर-भाभी का चरस गैंग

## पति की मौत के बाद खुद संभाला कारोबार,नेपाल से भोपाल के रास्ते मुंबई में होती थी सप्लाई,5 करोड़ से अधिक का चरस जब्त

**भोपाल, 14 जुलाई 2022।** मध्यप्रदेश की भोपाल क्राइम ब्रांच ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. नेपाल से भोपाल के रास्ते मुंबई में चरस का खेप ले जाया रहा था, जिसे भोपाल क्राइम ब्रांच ने पकड़ा है. पुलिस ने चरस की तस्करी करते देवर भाभी समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है. जिसमें नेपाली तस्कर, भोपाली दलाल और मुंबई का ग्राहक शामिल है. उनके पास से 9.930 किग्रा चरस जब्त किया है. जिसकी कीमत लगभग 5 करोड़ रूपये से अधिक आंकी गई है. आरोपी सस्ते दामों पर चरस नेपाल से मंगाते थे और मुंबई में सप्लाई कर मोटा मुनाफा कमाते थे. पुलिस नेपाली सप्लायर की भी तलाश कर रही है.

जानकारी के मुताबिक देवर-भाभी के चरस गिरोह को क्राइम ब्रांच ने धर दबोचा है. पति के मरने के बाद देवर के साथ महिला ने चरस गिरोह बनाया था. यह गिरोह मुम्बई में कई किलो चरस सप्लाई कर चुकी है. आरोपी सस्ते दामों पर चरस नेपाल से मंगाते थे और मुम्बई में सप्लाई कर मोटा मुनाफा कमाते थे. चरस सप्लायर के दलाल को भी चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है.

दरअसल क्राइम ब्रांच पुलिस भोपाल को सूचना मिली थी कि सवारी आटो में एक महिला और एक पुरुष बैठे है. जिनके पास चरस रखी है, जो सवारी आटो में बैठकर शाहजहानाबाद की ओर से हबीबगंज (कमलापति) रेल्वे स्टेशन की तरफ जाएंगे. पुलिस ने प्लानिंग के तहत



शाहिद (44 वर्ष) और जुलेखा (48 वर्ष) को पकड़ा. शाहिद और जुलेखा भाभी देवर हैं. उनके पास से बैग में चादर के नीचे तीन पैकेट ब्राउन रंग के टेप से लिपटे हुए पारदर्शी पन्नी में थे.

जुलेखा के कब्जे से 1.480 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ चरस जब्त किया गया. आरोपी वाहिद के पास से 1.485 किलोग्राम मादक पदार्थ चरस जब्त किया गया. दोनों आरोपियों से कुल 2.965 कि.ग्रा मादक पदार्थ चरस जब्त हुआ है. आरोपी बबलू उर्फ शाहिद के कब्जे से मादक पदार्थ चरस 265 ग्राम जब्त किया गया और आरोपी बबलू उर्फ शाहिद के बताए अनुसार आरोपी वीर बहादुर गिरी के कब्जे से 6.700 कि.ग्रा अबैध मदाक पदार्थ जब्त किया गया. इस तरह चारों के पास से पुलिस नें कुल 9.930 किग्रा चरस बरामद किया है.

पुलिस के अनुसार सभी आरोपी मूलतः कानपुर उप्र और नेपाल के है, जो पहले से ही एक दूसरे को जानते थे. आरोपी महिला का पति चरस की तस्करी करता था. जिसके साथ महिला ने काम शुरू किया था. पति की मौत के बाद मुम्बई में रह कर देवर के साथ चरस गिरोह तैयार किया. चरस तस्करी का दलाल शाहिद उर्फ बबलू भोपाल में रहकर नेपाल से आने वाली चरस को मुम्बई गिरहो के माध्यम से मुम्बई तक पहुंचाता था. नेपाल से सस्ते दामों में खरीदकर मुम्बई में लाखों रूपयों का मुनाफा कमाते थे. चरस तस्करी का यह काम काफी समय से चल रहा था. नेपाली तस्कर से चरस बबलू उर्फ शाहिद के माध्यम से पहुंचती थी. नेपाली तस्कर को वीर बहादुर गिरी द्वारा बबलू को कभी कानपुर तो कभी भोपाल आकर चरस की सप्लाई करता था।

## मौत हो जाने के बाद डॉक्टर्स ने किया कमाल, मृतकों के सीने में लगा दिया सुअर का दिल

**नई दिल्ली , 14 जुलाई 2022।** आप ने ऑर्गन्स ट्रांसप्लांट के बारे में तो बहुत सुना होगा याने इंसान का कोई भी महत्वपूर्ण अंग अगर खराब होता है, तो दूसरे इंसान के अंग को लगाकर उसकी जान बचाई जा सकती है, नगर ज्यादातर मामलों में डोनर नहीं मिलता, जिस वजह से मरीजों की जान जाती है।ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए वैज्ञानिक और डॉक्टर अब जानवरों के अंग इंसानों में लगाने का ट्रायल कर रहे हैं। जिसमें अमेरिका के डॉक्टरों को बड़ी सफलता मिली है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें हाल ही में न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के सर्जनों ने दो ब्रेन डेड लोगों में जेनेटिकली मॉडिफाइड सुअर के दिल का ट्रांसप्लांट कर इतिहास रचा। ये एक तरह का ट्रायल है, जिसके जरिए जानवरों की मदद से इंसानों की जान बचाई जाएगी। डॉक्टरों ने बताया कि जून के महीने में उन्होंने लॉरेंस केली में एक ट्रांसप्लाट किया, जहां एक ब्रेन डेड इंसान के शरीर में सुअर का दिल लगाया गया। इसके बाद इसी तरह का ट्रांसप्लांट 6 जुलाई को भी हुआ।



वहीं इस मामले में एनवाईयू लैंगोन हेल्थ में ऑपरेशन का नेतृत्व करने वाले डॉ. नादर मोआजमी ने कहा कि हमने इस ट्रांसप्लांट के दौरान बहुत कुछ सीखा है। ये बहुत ही बेहतर विकल्प है। जब मानव शरीर में सुअर का दिल धड़क रहा था, तो हम काफी खौफ में थे। उन्होंने ट्रांसप्लांट के पहले सुअर में पाए जाने वाले सभी वायरस की जांच की थी। इसके अलावा उसके अंग की बायोप्सी भी की गई।जिन दो सुअरों का दिल इंसानों में लगाया गया उसमें 10 जेनेटिकली मॉडिफिकेशन किए गए थे, ताकि वो इंसान के शरीर के साथ अच्छे से काम कर सकें। इसके अलावा इस अध्ययन के लिए उपयोग किए जाने वाले ऑपरेटिंग रूम को केवल भविष्य के एक्सनोट्रांसप्लांटेशन अनुसंधान के लिए लिया गया है।

इसके साथ ही डॉक्टरों ने आगे कहा कि उन्होंने ट्रांसप्लांट के बाद मरीज को वेंटिलेटर पर रखा था, लेकिन बाद में उन्होंने टेस्ट के लिए उसे हटा दिया। जांच में उन्होंने पाया कि दोनों मरीजों का दिल तीन दिन तक सही से धड़कता रहा। वहीं कुछ महीनों पहले अमेरिका में डेविड बेनेट के शख्स में भी सुअर का दिल लगाया गया था, लेकिन दो महीने बाद उनकी मौत हो गई। उस दौरान जांच में पता चला था कि सुअर का एक वायरस डेविड के शरीर में आ गया था, जिससे उनकी जान गई। इसी वजह से इस बार हर वायरस की सही से जांच की गई थी। वैज्ञानिकों के मुताबिक सुअर के शरीर को जेनेटिकली मॉडिफाइड किया जा रहा है, ताकि उनके अंग को इंसानों में ट्रांसप्लाट किया जा सके। सिर्फ अमेरिका की बात करें तो वहां पर एक लाख से ज्यादा लोगों की वेटिंग ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए है। जिनमें से सबसे अधिक लोग किडनी के हैं।

## देश में 24 घंटे में 20,139 नए संक्रमित,38 लोगों की मौत

» **कोरोना के दैनिक मामलों में तेज उछाल**

**नईदिल्ली,14 जुलाई 2022।** भारत में बीते दिन कोरोना वायरस से संक्रमण के 20,139 नए मामले सामने आए और 38 लोगों की मौत हुई। इसी के साथ देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,36,89,989 हो गई है। इनमें से 5,25,557 मरीजों की मौत हुई है। सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 1,36,076 हो गई है। एक दिन पहले देश में 16,906 नए मामले सामने आए थे। देश में कई हफ्तों बाद दैनिक मामलों की संख्या 20,000 पार हुई है।

कोरोना वायरस के संक्रमण को हराकर ठीक होने वालों की बात करें तो पिछले 24 घंटे में देशभर में 16,482 मरीज ठीक हुए। इसी के साथ महामारी को हराकर ठीक होने वाले मरीजों की कुल संख्या 4,30,28,356 हो गई है। देश की रिकवरी रेट 98.49 प्रतिशत है। कोरोना टेस्ट की बात करें तो पिछले 24 घंटे में देशभर में 3,94,774 टेस्ट किए गए हैं। अब तक देश में लगभग 86.81 करोड़ कोरोना टेस्ट किए जा चुके हैं। सबसे अधिक प्रभावित राज्यों पर नजर डालें तो महाराष्ट्र में अब तक 80,10,223 लोगों को संक्रमित पाया जा चुका है और 1,48,801 लोगों की मौत हुई है। दूसरे सर्वाधिक प्रभावित राज्य केरल में शनिवार तक 66,81,317 लोगों को संक्रमित पाया जा चुका है और 70,186 मरीजों की मौत हुई है। 35,08,526 मामलों और 38,028 मौतों के साथ तमिलनाडु और 39,81,816 मामलों और 40,083 मौतों के साथ कर्नाटक और अगले दो सबसे अधिक प्रभावित राज्य हैं।

## संपादकीय

### ऐसे भी उलटा पड़ा दांव

यह बात पश्चिम की चिंता बताएगी कि दुनिया भर के देश अपनी रिजर्व करेंसी में चीन की मुद्रा युवान का हिस्सा बढ़ा रहे हैं। इससे डॉलर के वर्चस्व के लिए खतरा पैदा हो रहा है।
यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद अमेरिका और पश्चिमी देशों ने रूस पर जो प्रतिबंध लगाए, उसका उलटा असर उन्हें झेलना पड़ रहा है। महंगाई और ईंधन के अभाव ने पूरी पश्चिमी दुनिया के बाशिंदों को परेशान कर रखा है। इसके दीर्घकालिक आर्थिक नुकसान का अंदाजा अब लगाया जा रहा है। उधर राजनीतिक उथल-पुथल की संभावनाएं भी जताई जा रही हैं। इसी बीच यह बात भी पश्चिमी रणनीतिकारों की चिंता बताएगी कि दुनिया भर के सेंट्रल बैंक अपनी रिजर्व करेंसी में चीन की मुद्रा युवान का हिस्सा बढ़ा रहे हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय कारोबार में अमेरिकी मुद्रा डॉलर के वर्चस्व के लिए खतरा पैदा हो रहा है। यह बात यूबीएस एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कही है। यह कंपनी हर साल मुद्रा भंडार प्रबंधन सर्वे रिपोर्ट जारी करती है। उसकी ताजा रिपोर्ट के मुताबिक 85 प्रतिशत सेंट्रल बैंकों ने बताया कि उन्होंने युवान में या तो निवेश किया है, या ऐसा करने पर वे गंभीरता से सोच रहे हैं। ये संख्या पिछले साल 81 प्रतिशत थी। सेंट्रल बैंक अपने भंडार में अगले दस साल में युवान के हिस्से को औसतन 5.8 प्रतिशत तक ले जाने पर विचार कर रहे हैं। यह मौजूदा स्तर की तुलना में बड़ी बढ़ोतरी होगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पिछले हफ्ते ही बताया था कि फिलहाल सेंट्रल बैंकों के भंडार में औसतन 2.9 प्रतिशत हिस्सा युवान का है। असल में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिमी देशों ने जिस तरह रूस की विदेशी मुद्रा को जब्त कर लिया, उससे डॉलर के प्रति विभिन्न देशों का भरोसा घटा है। तो अब वे अलग मुद्राओं में निवेश करने की योजना बना रहे हैं। ये आंकड़ा भी गौरतलब है। यूबीएस के सर्वे में शामिल 30 प्रमुख देशों के विदेशी मुद्रा भंडार में बीते जून में डॉलर का हिस्सा 63 प्रतिशत था। 2021 के जून में ये हिस्सा 69 प्रतिशत था। स्पष्टतः यूक्रेन युद्ध ने सारी सूरत बदल दी है। हाल के वर्षों में चीन में दर्ज हुई मजबूत आर्थिक वृद्धि के कारण आर्थिक क्षेत्र में चीन अमेरिका का विकल्प बन कर उभर रहा है। इसी कारण अब बहु-ध्रुवीय विश्व की चर्चा शुरू हो गई है।

# कौशलता विकास संकट मोचक बौद्धिक अस्त्र

**कौशलता विकास परिवर्तन के वाहक युवाओं की समृद्धि के विकास का मूल मंत्र हैं**

**कौशलता विकास, सामाजिक आर्थिक सुधारों, बढ़ती असमानता,बेरोजगारी जनसांख्यिकीय संक्रमण जैसे मुद्दों के समाधान में मील का पत्थर साबित होगा**



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

सृष्टि रचयिता ने मानव को प्राकृतिक रूप से बौद्धिक क्षमता का अभूतपूर्व खजाना दिया है। बस!! जरूरत है उसे पहचान कर निखारने की! जिसके बलपर सफलताओं की हदें पार की जा सकती है! खास करके हर मानव में अपने अपने स्तरपर अलग-अलग कौशलता समाई हुई है, बस इसे पहचान कर उसका विकास करना है जिसे हम कौशलता विकास दिवस के नाम से मनातें हैं। इसे 2014 से संयुक्त राष्ट्र ने 15 जुलाई को प्रतिवर्ष विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था, जिसे प्रथम बार 15 जुलाई 2015 को मनाया गया था और हर साल नई थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2022 की थीम भविष्य के लिए युवा कौशल को बदलना रखा गया है इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से कौशलता विकास पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम विश्व युवा कौशल दिवस 2022 की करें तो, विश्व युवा कौशल दिवस 2022 कोविड-19 महामारी से सामाजिक-आर्थिक सुधार की दिशा में ठोस प्रयासों के बीच हुआ है जो जलवायु परिवर्तन, संघर्ष, निरंतर गरीबी, बढ़ती असमानता, तेजी से तकनीकी परिवर्तन, जनसांख्यिकीय संक्रमण और अन्य जैसी चुनौतियों से जुड़े हुए हैं। युवा महिलाओं और लड़कियों, विकलांग युवाओं, गरीब परिवारों के युवाओं, ग्रामीण समुदायों, स्वदेशी लोगों और अल्पसंख्यक समूहों के साथ-साथ हिंसक संघर्ष और राजनीतिक अस्थिरता के परिणाम भुगतने वाले लोगों को कई कारकों के संयोजन के कारण बाहर रखा जाता है,इसके अलावा संकट ने काम की दुनिया में पहले से ही कई बदलावों को तेज कर दिया है, जो उन कौशल और दक्षताओं के बारे में अनिश्चितता की परतें जोड़ते हैं जो महामारी पर काबू पाने के बाद मांग में होंगे। संयुक्त राष्ट्र और इसकी एजेंसियां, जैसे कि यूनेस्को यूएनईवीओसी, काम की दुनिया में पहुंच बाधाओं को कम करके इन चुनौतियों का समाधान करने में मदद करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्राप्त कौशल को मान्यता प्राप्त और प्रमाणित किया जाता है, और बाहर के लिए कौशल विकास के अवसर प्रदान करता है। स्कूली युवा और जो रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण (एनईईटी) में नहीं हैं। 2030 एजेंडा के लिए कार्रवाई के इस दशक के दौरान, सकारात्मक परिवर्तन और नवाचार उत्पन्न करने के लिए वैश्विक प्रक्रियाओं में युवाओं की पूर्ण भागीदारी महत्वपूर्ण है।

साथियों बात अगर हम कौशलता विकास में भारत की करें तो यह हमारे माननीय पीएम के ड्रीम प्रोजेक्टस में से एक है। भारत ने इसके लिए एक अलग से मंत्रालय का गठन किया है जो उचित प्रशिक्षण प्रदान करने, अच्छे काम रोजगार और उद्यमिता के लिए कौशलता प्रदान करने के महत्व पर जोर देता है और अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर कौशलता विकास के महत्व पर जन जागरण करता है।


साथियों बात अगर हम युवा कौशलता के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदमों की करें तो, युवाओं की स्किल डेवलेपमेंट के लिए उठाए गए कदम निम्नलिखित हैं, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र (आईटीआई)- वर्ष 1950 में परिकल्पित, का उद्देश्य भारत में मौजूदा दीर्घकालिक प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तार और आधुनिकीकरण करना है। पीएम स्किल्स विकास योजना (पीएमकेवीवाई)- 2015 में शुरू की गई, इसका उद्देश्य भारत के युवाओं को मुफ्त स्किल्स प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करना है। पीएम स्किल्स विकास योजना 3.0- यह भारत के युवाओं को 300 से अधिक स्किल्स पाठ्यक्रम उपलब्ध कराकर रोजगार योग्य स्किल्स के साथ सशक्त बनाने के लिए 2021 की शुरुआत की गई है। राष्ट्रीय कैरियर सेवा परियोजना- इसके साथ पंजीकृत नौकरी चाहने वालों के लिए अपनी राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) परियोजना के माध्यम से मुफ्त ऑनलाइन कैरियर स्किल्स प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 2015 में शुरू की गई।कौशल प्रबंधन और प्रशिक्षण केंद्रों का प्रत्यायन (स्मार्ट)- यह एकल खिड़की आईटी अनुप्रयोग प्रदान करता है जो स्किल्स पारिस्थितिकी तंत्र में प्रशिक्षण केंद्रों (टीसी) की मान्यता, ग्रेडिंग, संबद्धता और निरंतर निगरानी पर केंद्रित है।
आजीविका के लिए स्किल्स अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प)- इसका ध्यानअभिसरण और समन्वय के माध्यम से जिला-स्तरीय स्किल्स पारिस्थितिकी तंत्र पर है। यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसे विश्व बैंक के साथ सहयोग किया गया है। औद्योगिक मूल्य वृद्धि के लिए स्किल्स सुदृढ़ीकरण- स्ट्राइव योजना आईटीआई और शिक्षुता के माध्यम से प्रदान किए जाने वाले स्किल्स प्रशिक्षण की प्रासंगिकता और दक्षता में सुधार लाने के उद्देश्य से विश्व बैंक की सहायता प्राप्त भारत सरकार की परियोजना है। पीएम युवा योजना (युवा उद्यमिता विकास अभियान)- वर्ष 2016 में शुरू की गई, इसका उद्देश्य उद्यमिता शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से उद्यमिता विकास के लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है; समर्थन और उद्यमिता समर्थन नेटवर्क तक आसान पहुंच और समावेशी विकास के लिए सामाजिक उद्यमों को बढ़ावा देना।
यंग, अपकमिंग एंड वर्सेटाइल ऑथर्स योजना, युवा लेखकों को प्रशिक्षित करने के लिए एक मेंटरशिप प्रोग्राम है। कौशलाचार्य पुरस्कार- स्किल्स प्रशिक्षकों द्वारा किए गए योगदान को पहचानने और अधिक प्रशिक्षकों को स्किल्स भारत मिशन में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के लिए शुरू किया गया। शिक्षुता और स्किल्स में उच्च शिक्षा युवाओं के लिए योजना- यह योजना राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना के माध्यम से अप्रैल 2019 में बाहर निकलने वाले सामान्य स्नातकों को उद्योग शिक्षुता अवसर प्रदान करने के लिए है। आत्मानिभर कुशल कर्मचारी नियोक्ता मानचित्रण -2020 में शुरू किया गया, यह कुशल लोगों को स्थायी आजीविका के अवसर खोजने में मदद करने के लिए एक पोर्टल है

साथियों बात अगर हम विश्व कौशलता दिवस 15 जुलाई के इतिहास की करें तो,18 दिसंबर 2014 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से श्रीलंकाके नेतृत्व में एक प्रस्ताव अपनाया, और 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में घोषित किया। वैश्विक स्तरपर युवा कौशल विकास के महत्व को उजागर करने के लिए श्रीलंका ने जी77 (77 देशों का समूह) और चीन की सहायता से इस संकल्प की शुरुआत की थी।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व युवा कौशल दिवस 15 जुलाई 2022 को मनाया जा रहा है।कौशलता विकास संकटमोचक बौद्धिक अस्त्र हैं। कौशलता विकास परिवर्तन के वाहक युवाओं की समृद्धि के विकास का मूल मंत्र है। कौशलता विकास का सामाजिक आर्थिक सुधारों बढ़ती असमानता बेरोजगारी जनसांख्यिकीय संक्रमण जैसे मुद्दों के समाधान में मील का पत्थर साबित होगा।




## सफल जीवन



जयश्री बिरमी
अहमदाबाद गुजरात

जीवन साधना से ही साध्य होता हैं
मनुष्य अभिलाषाओं बाध्य होता हैं
भजलों प्रभु को वही अराध्य होता हैं
उसकी कृपा से जीवन कृतार्थ होता हैं
लगता हैं जब जग हमें मिथ्या
वही समय आराधना के लिए श्रेष्ठ होता हैं
मत उलाझों दुन्यवि पचड़ों में
विरक्ति ही सब सुखों का अभिसार होता हैं
जब लौ लगा ली मेरे घनश्याम से
बस उसने जीवन नैया को पार करना हैं

## कर्म प्रधान...?



दिव्यानन्द पटेल
कोरबा छत्तीसगढ़

ये सृष्टि की सनातन जो,
कर्मो में भरोसा टिका हुआ।
निश दिन उस कर्मो का,
तन मन में कंटिका हुआ।
उस इंसानो के कर्मो का,
हर सपनो का निस्तार हुआ।
किस्मत काली साया हो पर,
संकल्पों का विस्तार हुआ।
संग ईष्ट मित्र संग भाई भाई,
निशा से निश निराश हुआ।
पाँव भी धोखे अपने पराये,
जो सफल जीवन हरास हुआ।
एक अजीब सी दौर जिंदगी,
दौड़ो जंग जीत जाओगे।
हार मानकर बैठ गए जब,
फिर पीछे पछताओगे।
एक मनचला धौंस लगाए,
था क्रूर विषम अभिमानी की।
अभिमान की चक्रव्यूह तोड़,
इतिहास रचा स्वाभिमानी की।
इतिहास छोड़ क्या बात करे,
विज्ञान पीढ़ी जवानी की।
तू भी जिंदा पुरखा भी जिंदा,
पुरखौती बीती कहानी की।
कहते अभी भी जिंदा हूँ मैं,
पौराणिक काल से टिका हुआ।
असवस्थामा नाम जहाँ पर,
कलियुग में भी छिपा हुआ।
यही ज्ञान की सागर है जो,
वक्त बदलते फेर नही।
नही मिला जब कदम ताल से,
तो वक्त की आगे शेर नही।
हार मानकर जीवन से जो,
राई की पहाड़ बखेरा है।
कितनो सिर भी पत्थर मारो,
फिर भी जीवन अंधेरा है।
फिर भी जीवन अंधेरा है।

## स्नेह निमंत्रण



सलोनी सिंह श्रीदेश
सुल्तानगंज,बिहार

पाकर तेरा स्नेह निमंत्रण
करती हूँ मैं तेरा अभिनंदन
नहीं चाहिए और कोई क्रंदन
क्योंकि हो तुम ही मेरे वंदन
चरण रज की धूलि पाकर
जनम जनम की विरहन प्यासी
करती तेरा सत्कार हृदय से
क्योंकि हूँ मैं तेरी अभिलाषी
हर वक्त दिपक प्रेम जलाए
बैठी हूँ मैं अब आप बिसराए
करती पूजन चिर निंद्रा में
क्योंकि हूँ मैं तेरी हीं नंदन
बस एक हीं है वो चंदन
जिसको घीस कर हर पल
करती हूँ जैसे अमृत मंथन
क्योंकि हूँ मैं तेरी आनन
अलख ज्योत ले हृदय जलाए
भटकी हूँ मैं कानन - कानन
जब -जब देखूँ माह गागरी
घृत भी लगे विष की पागुरी
बस तौं आन बौसो हृदय में
क्योंकि मैं हूँ जनम की साथी।

## आज कह दूँ...



प्रीति चौधरी मनोरमा
बुलंदशहर उत्तरप्रदेश

खमोशी से मन के जज़्बात
आज कह दूँ।
इजाज़त हो तो दिल की
हर बात आज कह दूँ।
एक अरसे से लबों पर है
मौन का ताला
कैसे गुज़रे मेरे दिन-रात
आज कह दूँ।
तड़पते हैं लम्हे तन्हा चाँद को देखकर
दिल की बेचैनी के
सब हालात आज कह दूँ।
ये आँसू, ये आहें,
ये बेताबियों का मौसम
तुमसे मिली कितनी सौगात
आज कह दूँ।
तेरी झलक पाने को तरसती हैं आँखें
सुन ले बेशक सारी
कायनात आज कह दूँ।
प्यार की रोशनाई से
लिख दूँ हाल-ए -दिल
ला कागज़ कलम दवात
आज कह दूँ।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# अमीरों व गरीबों के बीच बढ़ती गैप लोकतंत्र को खोखला कर रही



डॉ.विक्रम चौरसिया
नई दिल्ली

अमीरों व गरीबों मे लगातार बढ़ती गैप ,देश में बहुत बड़ी भेदभाव का कारण बनती जा रही है,एक तरफ जहां लोग ओवर न्यूट्रिशन से परेशान हैं तो वही दूसरी तरफ देख रहे हैं की कुपोषण से ऐसे में देश के लिए एक बड़ी चुनौती भी बनती जा रही है। हमने देखा भी कि कोविड़ से उपजी वैश्विक महामारी का सबसे ज्यादा हमारे देश के गरीब, मध्यम वर्गो पर ही असर पड़ा एक रिपोर्ट में कहा गया है की कोरोना काल में मध्यम और निम्न वर्ग के अधिकतर लोगों की आमदनी कम हुई या कहे की बहुतों की खत्म हो गई,जिससे गरीब और गरीब हो गया, कोरोना महामारी के दौरान 4 करोड़ 60 लाख लोग गरीबी के दायरे में आए और करीब 84 फीसदी भारतीय परिवारों की आय कम हो गई। आंकड़े बताते है की देश के सबसे अमीर 10 फीसदी लोगों के पास देश की 45 फीसदी सम्पत्ति है, अगर गरीबों की बात की जाए तो देश की 50 फीसदी गरीब आबादी के पास सिर्फ 6 फीसदी सम्पत्ति है,ऐसे में इस बढ़ती भेदभाव से समाज में अड़चन पैदा होगी। ध्यान रहे किसी भी राष्ट्र के लिए केवल अरबपतियों का बढ़ना कभी भी अच्छी अर्थव्यवस्था का नहीं बल्कि बुरे अर्थव्यवस्था का संकेत होता है। हमारे संविधान के अनुच्छेद 14 से 18 में बराबरी की बात कही गई है, लेकिन यह लगातार बढ़ती खाई कहीं ना कहीं समाज में बड़े स्तर पर भेदभाव को जन्म दे रही है। सोचिए जो किसान कड़ी मेहनत करके राष्ट्र के सभी जनता के लिए खेतो में दिन रात डटकर अनाज उपजा रहे हो ,फैक्ट्रियों में काम कर रहे है, उन्हें अपने बच्चों के स्कूल का फीस भरने,दो वक्त का रोटी या इलाज के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है।कई बार मैंने देखा है कि गरीबों , व मध्यम वर्गो के लोगो को अपने कानूनी अधिकारों के लिए भी बहुत ही संघर्ष करना पड़ता है,वहां चरम स्तर पर भेदभाव का सामना करना पड़ता है, ऐसे में अमीर गरीब के बीच बढ़ती गैप कही न कही लोकतंत्र को ही खोखला कर रही है व देश में भ्रष्टाचार को बढ़ा रही है, हमने कई बार देखा है कि अगर में दो पक्षों के बीच में किसी बात को लेकर झगड़े हुए मामले थाने में पहुंची तो देखा गया है कि जिस व्यक्ति का बड़े बड़े लोगो तक पहुंच या अच्छे कपड़े, गाड़ी के साथ ही अच्छी अंग्रेजी बोल रहा हो तो उसे बैठाकर कई बार देखा गया है कि उसे चाय नाश्ता देते हुए सम्मान दिया जाता है वही जो गरीब, मजदूर लाचार है जिसका कोई बड़े बड़े लोगो तक पहुंच नही है निर्दोष होते हुए भी उसकी बाते सुनी तक नहीं जाती, अगर कभी सुने भी जाते हैं तो गंभीरता से नहीं लेते बल्कि कई बार फटकारकर पीड़ित को ही भगा भी दिया जाता है,ऐसे ही हालात को देखकर जिसके साथ अन्याय भी हुआ होता है ओ अक्सर थाने तक अपनी रिपोर्ट भी नही लिखवाते ,ऐसे में पीड़ित वंचित,गरीब को न्याय कैसे मिले ?
किसी भी राष्ट्र के समाज में आर्थिक रूप से निचले स्तर पर आजीविक के लिए संघर्षरत किसी व्यक्ति के लिए नैतिकता व ईमानदारी भी कभी कभी अपना मूल्य खो देती है, यानि की इससे सामाजिक असमानता भी जन्म लेती है जो टकराव का कारण बनती है। ध्यान देना होगा कि चंद हाथों में सिमटी समृद्धि की वजह से देश का एक बड़ा वंचित तबका अमानवीयता से शून्य अपसंस्कृति का शिकार हो रहा है।

# किसका तृप्तिकरण हो रहा है?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुष्टिकरण के जवाब में तृप्तिकरण का जुमला उछाला है। उन्होंने हैदराबाद में अपनी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कहा कि भाजपा का लक्ष्य देश को तुष्टिकरण से तृप्तिकरण की ओर ले जाना है। तुष्टिकरण की बात तो समझ में आती है क्योंकि भाजपा दशकों से आरोप लगाती रही है कि कांग्रेस और दूसरी कई भाजपा विरोधी क्षेत्रीय पार्टियां मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करती हैं। मुस्लिम तुष्टिकरण भाजपा का राजनीतिक मुद्दा रहा है, जिसे बदलने का दावा पिछले आठ साल से किया जा रहा है। उसी बात को प्रधानमंत्री ने एक लाइन में बताया कि भाजपा का लक्ष्य तुष्टिकरण की बजाय तृप्तिकरण है।
सवाल है कि किसका और कैसा तृप्तिकरण होगा? इस देश में हजारों, लाखों लोग ऐसे हैं, जो सिर्फ इस बात से तृप्त हो गए हैं कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म कर दिया गया है। बहुत से लोग इस बात से तृप्त हैं कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। भाजपा और उसकी केंद्र व राज्य सरकारों ने राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर तृप्ति के ऐसे अनेक मौके उपलब्ध कराए हैं। कहीं रेलवे स्टेशनों के नाम बदल कर तो कहीं शहरों और जिलों के नाम बदल कर। और नहीं तो मुस्लिम नेताओं, पत्रकारों या सामाजिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करके ही लोगों को संतोष कराया है। कुछ लोग तीन तलाक कानून से तृप्त हुए हैं तो कुछ लोग तृप्त होने के लिए संशोधित नागरिकता कानून का इंतजार कर रहे हैं। सोचें, तृप्ति नितांत निजी भाव है, जो व्यक्ति के शरीर, मन और आत्मा से जुड़ा होता है। यह कोई सामूहिक या सार्वजनिक भाव नहीं है। किसी और के परेशान होने से या किसी और की मुश्किल देख कर, भले वह दुश्मन ही क्यों न हो, मन में जो भाव आता है उसे तृप्ति नहीं कहा जा सकता है। परपीड़ा से खुश होने वाला दुष्ट माना जाएगा तृप्त नहीं। और हां, संतोष और तृप्ति भी बिल्कुल अलग अलग मनोभाव हैं। सम्मान, धर्म और कला-संस्कृति की बात बाद में आती है, मन और आत्मा की तृप्ति का पहला आधार भरे पेट होना है। लेकिन भारत में तो सबसे बड़ा संकट ही रोटी और रोजगार का है!

-हरिशंकर व्यास-

# बुनियादी सुविधाओं से जूझते सरकारी स्कूल

**निजी स्कूलों का बता कारोबार और बंद होते सरकारी स्कूल देश में एक समान शिक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है, उदाहरण के लिए हरियाणा जैसे विकसित राज्य की सरकार अभी सरकारी स्कूली शिक्षा को खत्म करने की चिराग योजना लाई है. अगर आप सरकारी स्कूलों में बच्चे पाएंगे तो 500 आपको भरने हैं, प्राइवेट में पाएंगे तो 1100 सरकार आपके बच्चे की फीस के भरेगी...**

**ये किसे प्रमोट किया जा रहा है? सरकारी स्कूली शिक्षा को या प्राइवेट को ?**



-सत्यवान सौरभ-
भिवानी, हरियाणा

पिछले तीन दशकों में, भारत ने हर गांव में एक स्कूल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। किसी भी समुदाय में चलो, चाहे वह कितना भी दूरस्थ क्यों न हो, और यह संभव है कि आप एक सरकारी स्कूल देखेंगे। करीब 11 लाख प्राथमिक विद्यालयों के साथ, हमारे पास दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी स्कूल प्रणाली है। लिंग, जाति या धर्म के बावजूद, स्कूल नामांकन सार्वभौमिक के करीब है। हमारे जैसे विशाल देश में और इसके जटिल भौगोलिक क्षेत्रों के साथ, यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।
अक्सर, शिक्षक और छात्र स्कूल आते हैं, और शिक्षा के लिए एक वास्तविक प्रयास होता है। स्कूलों में आमतौर पर पर्याप्त कक्षाएं, पीने योग्य पानी, लड़कों और लड़कियों के लिए शौचालय होते हैं - हालाँकि अपर्याप्त रखरखाव बजट को देखते हुए रखरखाव एक चुनौती है। मानव संसाधन विकास (एचआरडी) पर संसदीय स्थायी समिति ने हाल ही में राज्यसभा को स्कूली शिक्षा के लिए अनुदान की की मांग पर अपनी रिपोर्ट सौंपी। इस रिपोर्ट में, समिति ने भारत में सरकारी स्कूलों की स्थिति पर विभिन्न टिप्पणियां की हैं। सरकारी स्कूलों की स्थिति क्या है? आइये जानते है.
देश के लगभग आधे सरकारी स्कूलों में बिजली या खेल के मैदान नहीं हैं। उनमें से अधिकांश के पास क्लास रूम, ब्लैक बोर्ड, पेयजल, शौचालय और स्वच्छता सुविधाओं जैसी उचित बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। स्कूल का माहौल इतना घुटन भरा है कि छात्रों को कक्षाओं में जाने से मना किया जाता है, यही वजह है कि ड्रॉपआउट दर भी अधिक है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किए गए प्रस्तावों से बजटीय आवंटन में कटौती देखी गई। सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालयों को मजबूत करने के लिए कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और पुस्तकालयों के निर्माण में धीमी प्रगति हो रही है।
भारत महत्वपूर्ण शिक्षक रिक्तियों के परिदृश्य से भी निपट रहा है, जो कुछ राज्यों में लगभग 60-70 प्रतिशत है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों का व्यावसायिक विकास बहुत कमजोर क्षेत्र है। लगभग आधे नियमित शिक्षक रिक्तियां अतिथि या तदर्थ शिक्षकों द्वारा भरी जाती हैं। लगभग 95त्न शिक्षक शिक्षा निजी हाथों में है और उनमें से अधिकांश घटिया है। इन विद्यालयों में शिक्षकों की अनुपस्थिति काफी अधिक है। भले ही उन्हें निजी स्कूलों के शिक्षकों की तुलना में बहुत अधिक वेतन दिया जाता है, लेकिन वे सरकार को धोखा देते हैं और शिक्षक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल रहते हैं। और दुख की बात है कि इसे रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। बमुश्किल 15त्न स्कूलों को आरटीई का अनुपालन करने वाला कहा जा सकता है। आरटीआई की धारा 29 बताती है कि हर बच्चे को किस तरह की शिक्षा का अधिकार है। कोई भी सरकारी स्कूल नहीं है जो इसका अनुपालन कर रहा है, जिसमें कुलीन स्कूल भी शामिल हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारी, %प्रबंधित% होने के कारण, स्कूलों की कार्य स्थितियों के बारे में झूठी रिपोर्ट दर्ज करते हैं। राजनीतिक हस्तक्षेप और संरक्षण भ्रष्ट और अक्षम को ढाल देता है। लोगों को लगता है कि सरकारी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं, या स्कूल नियमित रूप से काम नहीं कर रहे हैं। वे एक ब्रांडेड निजी स्कूल की धारणाओं में बह जाते हैं, भले ही उसके पास अच्छे शिक्षक न हों। साथ ही, निजी स्कूल खुद को अंग्रेजी माध्यम के रूप में ब्रांड करते हैं और यह बच्चों की शिक्षा के लिए सबसे जरूरी है।
निजी स्कूलों का बढ़ता कारोबार और बंद होते सरकारी स्कूल देश में एक समान शिक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है, उदाहरण के लिए हरियाणा जैसे विकसित राज्य में देश की दो बड़ी राजनीतिक पार्टियां भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पिछले 20 सालों में लगभग सामान रूप से सरकारें बना चुकी हैं, लेकिन राज्य के सरकारी स्कूल आज भी बुनियादी सुविधाओं से कोसो दूर हैं। यहाँ की सरकार अभी सरकारी स्कूली शिक्षा को खत्म करने की चिराग योजना लाई है. अगर आप सरकारी स्कूलों में बच्चे पढ़ाएंगे तो 500₹ आपको भरने हैं, प्राइवेट में पढ़ाएंगे तो 1100₹ सरकार आपके बच्चे की फीस के भरेगी.
ये किसे प्रमोट किया जा रहा है? सरकारी स्कूली शिक्षा को या प्राइवेट को? इसका सीधा-सा मतलब सरकार मानती है कि वे अच्छी शिक्षा नहीं दे पा रहे और प्राइवेट वाले उनसे बेहतर हैं? लेकिन चुनाव के समय अच्छी शिक्षा के लिए जनता से वादे तो किये जाते हैं लेकिन राज्य के विद्यालयों की स्थिति के आंकड़े दिखाते हैं कि सरकारी स्कूलों पर कुछ ख़ास ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते विद्यार्थिओं का नामांकन कम हो रहा है, और अंत में कम नामांकन के चलते स्कूल बंद कर दिया जाता है।
प्रथम की रिपोर्ट के अनुसार, माता-पिता लड़कों की शिक्षा के लिए निजी स्कूलों को पसंद करते हैं जबकि लड़कियों को प्राथमिक रूप से बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने के लिए सरकारी स्कूलों में भेजा जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब अपने बच्चों के लिए स्कूलों के चयन की बात आती है तो माता-पिता एक अद्वितीय पूर्वाग्रह प्रदर्शित करते हैं। रिपोर्ट से पता चलता है कि लड़कों के लिए स्कूल का चयन करते समय माता-पिता एक निजी स्कूल को चुनने की अधिक संभावना रखते हैं, जबकि सरकारी स्कूल लड़कियों की शिक्षा के मामले में माता-पिता की प्राथमिक पसंद होते हैं। सीखने का संकट इस तथ्य से स्पष्ट है कि ग्रामीण भारत में ग्रेड 5 के लगभग आधे बच्चे दो अंकों की साधारण घटाव की समस्या को हल नहीं कर सकते हैं, जबकि पब्लिक स्कूलों में कक्षा 8 के 67 प्रतिशत बच्चे गणित में आधारित आकलन योग्यता में 50 प्रतिशत से कम स्कोर करते हैं। बहुत लंबे समय से, देश में शिक्षा के दो प्रकार के मॉडल रहे हैं- एक वर्ग के लिए और दूसरा आम जनता के लिए। दिल्ली में आप सरकार ने इस अंतर को पाटने की कोशिश की।
इसका दृष्टिकोण इस विश्वास से उपजा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एक आवश्यकता है, विलासिता नहीं। इसलिए, इसने एक मॉडल बनाया जिसमें अनिवार्य रूप से पांच प्रमुख घटक हैं और यह राज्य के बजट के लगभग 25त्न द्वारा समर्थित है। मॉडल के मुख्य घटक है; स्कूल के बुनियादी ढांचे का परिवर्तन, शिक्षकों और प्राचार्यों का प्रशिक्षण, स्कूल प्रबंधन समितियों (एसएमसी) का पुनर्गठन करके समुदाय के साथ जुड़ना, शिक्षण अधिगम में पाठ्यचर्या सुधार, निजी स्कूलों में फीस वृद्धि नहीं।
सरकारी स्कूलों में नामांकन का बढ़ता स्तर केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकारों के लिए छात्रों के प्रतिधारण को सुनिश्चित करने का अवसर प्रदान करता है। स्कूलों को उन बच्चों की पहचान करनी चाहिए जो पिछड़ रहे हैं और उनके पढ़ने, लिखने, अंकगणित और समझने के कौशल को अपनी गति से मजबूत करने के लिए बुनियादी संशोधन और ब्रिज कार्यक्रम चलाएं। निपुण भारत पहल इस दिशा में एक आश्वस्त करने वाला कदम है।
सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान देने के साथ, स्कूल के बुनियादी ढांचे में सुधार समय की आवश्यकता है। भारत में सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। इन स्कूलों में निर्धारित छात्र-शिक्षक अनुपात को बनाए रखने के लिए इस अंतर को भरने की जरूरत है। छात्रों के एक बड़े वर्ग को शिक्षा तक पहुंच प्रदान करने के लिए स्कूलों, शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग से अकादमिक समय सारिणी का लचीला पुनर्निर्धारण और विकल्प तलाशना। कम सुविधा वाले छात्रों को प्राथमिकता देना जिनकी ई-लर्निंग तक पहुंच नहीं है।
सरकारी स्कूलों में बदलाव शिक्षा प्रदान करने में राज्य की भूमिका के बारे में लोगों की अपेक्षाओं का स्पष्ट संकेत देता है। भारत में राज्य द्वारा संचालित स्कूली शिक्षा प्रणालियों के साथ-साथ विशेषकर माता-पिता और बच्चों की धारणाओं को सुधारने के लिए राज्य और केंद्र स्तर पर - शिक्षा के प्रभारी सभी सरकारों की ओर से अधिक प्रयास की आवश्यकता है।



## जमीन पर मां के साथ सो रहे मासूम बच्चे को सांप ने डसा,मौत

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** मां के साथ जमीन पर सो रहा 7 वर्षीय मासूम सर्पदंश का शिकार हो गया। परिजन ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राकेश कुमार पिता श्रवन साय गोंड़ उम्र 7 वर्ष लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लटोरी का रहने वाला था। वह बुधवार की रात को मां के साथ जमीन पर सो रहा था। देर रात को सांप ने उसे डस लिया। बच्चा जब रोने लगा तो मां सुनीता उठकर देखी तो पास में सांप था। परिजन ने बच्चे को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## जबड़े के कैंसर से पीड़ित वृद्ध का ऑपरेशन कर चिकित्सकों ने बचाई जान



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** पिछले 4 महीने से जबड़े की कैंसर से एक वृद्ध पीड़ित था। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई है। नवापारा अंबिकापुर निवासी ज्ञानमणी मिंज उम्र 62 वर्ष 4 महीने से जबड़े के कैंसर से पीड़ित था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया था। जांच में जबड़े का कैंसर पाया गया। चिकित्सक डॉ. एसपी कुजूर, डॉ. नितेश राय व डॉ. प्रवीण की टीम ने सफल ऑपरेशन कर मरीज की जान बचाई है। इस ऑपरेशन के दौरान एनेस्थिसिया विभाग के डॉ. रजनी व स्टाफ नर्स मौजूद थे। डॉ. एसपी कुजूर ने बताया कि वर्षों से जबड़े के कैंसर का सफल ऑपरेशन कर संभाग वासियों की स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किया जा रहा है।

## विधिक साक्षरता में दी गई आपदा पीडितों के अधिकारों की जानकारी

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बिकापुर के अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश अम्बिकापुर श्री राकेश बिहारी घोरे के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बिकापुर के सचिव अमित जिन्दल ने एस.डी. आर. एफ. आफिस अंबिकापुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर नालसा (आपदा पीड़ितों को विधिक सेवा संस्थानों के माध्यम से विधिक सेवाएं) 2010 तथा आपदा पीड़ितों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी और अनेक उपयोगी विधिक जानकारी दी। श्री जिंदल ने बताया कि आपदा पीडित भी निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है।

### दिल्ली तक ट्रेन की शुरुआत सरगुजावासियां के दृढ़ इच्छाशक्ति और धैर्य श्रेय',बहुप्रतीक्षित मांग पूरा होने से सरगुज़ावासियों में हर्ष

# केंद्रीय रेल मंत्री ने अम्बिकापुर-निजामुद्दीन ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** बहुप्रतीक्षित मांग अम्बिकापुर से दिल्ली तक रेल सुविधा की शुरूआत सावन के पहले दिन 14 जुलाई को हुई। यह दिन सरगुजा के लिए ऐतिहासिक दिन रहा। जिससे पूरे सरगुजा अंचल में हर्ष व्याप्त है। केंद्रीय रेल एवं संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर अम्बिकापुर-हजरत निजामुद्दीन-अम्बिकापुर एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर प्रातः 9ः50 बजे रवाना किया। यह साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन अम्बिकापुर से दिल्ली के लिए प्रत्येक गुरुवार को प्रातः 7ः15 बजे रवाना होगी। इस अवसर पर अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में आयोजित शुभारम्भ कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह, संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े, महापौर डॉ अजय तिर्की, रेलवे महा प्रबंधक आलोक कुमार, डीआरएम आलोक सहाय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय रेल एवं संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि अम्बिकापुर से दिल्ली तक ट्रेन की शुरुआत होने का श्रेय सरगुजावासियां के दृढ़ इच्छा शक्ति और धैर्य को जाता है। जनप्रतिनिधियां के साथ ही अनेक संगठनों, साहित्यकारों ,पत्रकारों, गणमान्य नागरिकों ने काफी प्रयास किया है। सरगुज़ा से झारखण्ड-कोलकाता रेलवे लाइन शुरू करने की दिशा में भी जल्द काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि देश के रेलवे स्टेशनों का पुनर्निर्माण होगा। कुछ स्टेशनों का पुनर्निर्माण कर वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाया गया है। अभी 45 स्टेशनों के पुनर्निर्माण के लिए टेंडर हो गया है जो वर्ल्ड क्लास बनेंगे। भारतीय रेल से जन-जन का जुड़ाव है अम्बिकापुर से चलने वाली ट्रेन साधारण ट्रेन नहीं है बल्कि राजधानी ट्रेन के समान है। इसमें सारी सुविधाएं रहेंगी। अम्बिकापुर से चलने वाली ट्रेन साधारण नहीं है। वंदे भारत ट्रैन से देश के कोने-कोने को जोड़ा जाएगा।

### इसमें कोई संशय नहीं,ट्रेन का परिचालन लगातार

केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने अम्बिकापुर से दिल्ली तक रेल सुविधा की शुरुआत होने पर सरगुजावासियों को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी का वर्षा का सपना पूरा हुआ है। इस ट्रेन का परिचालन लगातार होगा इसमें कोई संशय नहीं है। यहां से पूरे सीट भरकर ट्रैन निकलेगी। उन्होंने कहा कि बिश्रामपुर में 1964 में रेलवे की शुरुआत हुई थी उसके 42 वर्षो बाद 2006 में अम्बिकापुर से रेलवे सुविधा शुरू हुई। 1978 में रेल में एक कोच होती थी जिसका नाम लरंग साय के नाम पर रखा गया था। स्व लरंग साय ने सरगुजा की जनता के लिए दिल्ली तक ट्रैन सुविधा उपलब्ध कराई।

### इस ट्रेन का ठहराव विश्रामपुर में भी करने की आवश्यकता

संसदीय सचिव एवं भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने कहा कि काफी दिनों से इस ट्रेन का इंतजार सरगुजावासियों को थी जो आज उनका इंतजार समाप्त हुआ। समस्त सरगुजावासियों ने काफी दिनों से प्रयास किया। अब सरगुजा अंचल के लोगां को दिल्ली जाने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सूरजपुर और बैकुण्ठपुर में इस ट्रेन का ठहराव है। विश्रामपुर एक ऐसा स्टेशन है जहां से हिंदुस्तान के अनेक राज्य के यात्री आवागमन करते है। इस ट्रेन का ठहराव विश्रामपुर में भी करने की बहुत आवश्यकता है।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेलवे के महाप्रबंधक आलोक शर्मा, डीआरएम आलोक सहाय, पूर्व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम, पूर्व कैबिनेट मंत्री भैया लाल राजवाड़े, अनिल सिंह मेजर, सिद्धनाथ पैकरा, ललन प्रताप सिंह, रामकृष्ण साहू, बाबूलाल अग्रवाल,ओमप्रकाश जायसवाल सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में सरगुजावासी उपस्थित थे।

### इधर कांग्रेस ने रेल सेवा विस्तार की मांग को फिर दोहराया

कांग्रेस ने सरगुजा में रेल सेवा के विस्तार की पुरानी मांग को फिर से दोहराया है। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्यमंत्री टीएस सिंह देव के निर्देश पर अम्बिकापुर- दिल्ली ट्रेन के उद्घाटन अवसर पर आए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रन्धक को ज्ञापन सौंप कर बन्द पड़ी अम्बिकापुर-शहडोल पैसेंजर को तुरंत शुरू करने, अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस का नागपुर तक विस्तार, नई प्रारंभ अम्बिकापुर-हजरत निजामुद्दीन दिल्ली ट्रेन में शयनयान और द्वितीय श्रेणी का कोच लगाने की मांग की। कांग्रेस ने सरगुजा को देश के अन्य महानगरों से जोडने् के लिए अम्बिकापुर-बरवाडीह,अम्बिकापुर-रेनुकूट, अंबिकापुर -कोरबा रेल लाइन निर्माण का कार्य प्रथमिकता के क्रम में प्रारंभ करने की मांग की है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने महाप्रबन्धक एसईसीआर अमित कुमार से फोन पर चर्चा की उन्होंने उपरोक्त मांगो के अतिरिक्त अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में और सुविधाएं बढ़ाने कहा है। इस दौरान सीजीएमएससी के अध्यक्ष एवं लुंड्रा विधायक डॉ. प्रीतम राम, मेयर डॉ. अजय तिर्की, जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष, जेपी श्रीवास्तव, द्वितेंद्र मिश्रा, हेमन्त सिन्हा, मो. इस्लाम, दुर्गेश गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## द्रौपदी मुर्मू के लिए कांग्रेस विधायक-सांसदों से भी मांगेंगे समर्थन'




-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए द्वारा जनजाति समाज की द्रौपदी मूर्मू को उम्मीदवार बनाया गया है। देश के इतिहास में पहला ऐसा निर्णय है। देश में करीब 11 करोड से ऊपर एसटी वर्ग की आबादी है। देश के इतिहास में किसी भी पार्टी ने एसटी समाज को आगे लाने का काम नहीं किया है। केवल एसटी को ठगने का काम किया है। उक्त बातें गुरुवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम ने कहीं। उन्होंने कहा कि एसटी वर्ग के डेवलपमेंट के लिए सारे काम एनडीए के सरकार ने किए हैं। नेताम ने कहा कि 18 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान होना है। इससे पहले जितने भी कांग्रेस के एमपी, एमएलए हैं, सभी के पास जाकर राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के समर्थन मांगेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखेंगे और समर्थन मांगेंगे। अगर वे समर्थन नहीं करते हैं तो समझा जाएगा कि वे आदिवासियों के साथ केवल छलावा करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से पत्र के माध्यम से आग्रह किया जाएगा कि चूक मत किजिए। अगर इस समज को छोड़कर दूसरे समाज को देख रहे हैं तो निश्चित ही यह समाज आने वाले समय में जवाब देने के लिए तैयार रहेगा। पत्रवार्ता को भाजपा अनूसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण सिंह ने भी संबोधित किया।

## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बच्चों को कराया गया स्वादिष्ट भोजन



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पतंजलि योग समिति व पतंजलि चिकित्सालय ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव घुमंतू बच्चों के साथ मनाया। दरअसल 2 वर्षों से लॉक डाउन के प्रतिबंध के चलते यह आयोजन नहीं हो पाया था ।

नई दिशा के घुमंतू बच्चों के साथ गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान छोटे बच्चों को मिष्ठान एवं स्वादिष्ट भोजन व प्रसाद अपने हाथों से समिति के सदस्यों ने खिलाया। स्वामी रामदेव जी के किए कार्यों को याद किया। वह हवन कर सभी समिति के सदस्यों ने अपने गुरु की पूजा आराधना की गई समिति के सदस्यों ने बच्चों को आदर्श जीवन जीने का पाठ भी पढ़ाया। इस दौरान दिनेश सिंह मुख्य चिकित्सक पतंजलि चिकित्सालय अंबिकापुर व अवंतिका गजोरिया वरिष्ठ योग शिक्षिका उपस्थित थे।

## सेंट्रल बैंक के संयुक्त खाते से खाताधारकों के हस्ताक्षर बगैर लाखो रुपए का हुआ आहरण



-संवाददाता-

**लखनपुर 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** लखनपुर विकासखंड के ग्राम लहपटरा स्थित सेंट्रल बैंक के संयुक्त खाते से खाताधारकों के दस्तखत के बगैर लाखों रुपए का आहरण करने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक लखनपुर विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम पटकुरा निवासी मेघनाथ, पीछारो, मुकेश सहित अन्य ग्रामीणों को नहर की मुआवजा राशि ₹348851 का चेक प्राप्त हुआ था। तो वहीं गांव के हीरालाल यादव के द्वारा इन ग्रामीणों का कुन्नी व लखनपुर सेंट्रल बैंक में खाता न खुलवा कर ग्राम लहपटरा स्थित सेंट्रल बैंक में संयुक्त खाता 16 मार्च 2018 को खुलवाया गया।संयुक्त खाता मेघनाथ मझवार ,पिछारो मझवार, मुकेश कुमार मझवार, के नाम से खाता क्रमांक 3678 9342 12 में नहर मुआवजे की राशि ₹348851 का चेक बैंक में जमा किया गया। बैंक के द्वारा उक्त चेक का कलेक्शन कर राशि खाते में जमा हुआ। खाता खोलने उपरांत हीरालाल यादव के द्वारा संयुक्त खाता को अपने पास रख लिया। जब खाताधारक ग्रामीण हीरालाल यादव के पास अपना खाता लेने जाते तो हीरालाल यादव बहाना करके उन्हें खाता नहीं देता था और कहता था कि अभी और ब्याज बनने दो उसके बाद खाता ले जाना। विगत माह पूर्व जब ग्रामीण हीरालाल यादव के पास खाता लेने गए तो हीरालाल यादव के द्वारा खाता ग्रामीणों को दिया गया जब ग्रामीण सेंट्रल बैंक लहपटरा रुपए निकालने पहुंचे तो उनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। खाते से पूरे पैसे निकल चुके थे जिसे लेकर खाताधारक काफी चिंतित है। संयुक्त खाता के खाताधारकों का कहना है कि चेक जमा होने उपरांत आज तक वह पैसा निकालने बैंक नहीं आए हैं। खाता मिलने के बाद जब बैंक आए तो पैसा खाते से निकल चुका है। जब बैंक मैनेजर से इस बारे में खाताधारकों ने पूछा तो उन्होंने बताया कि मुकेश मझवार व हीरालाल यादव के द्वारा पैसा का आहरण किया गया है।और लगभग 15 बार मैं पैसे का को निकाला गया है।

इस संबंध में सेंट्रल बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक दिनेश गर्ग के द्वारा कहा गया कि मुझे आप के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है विभागीय अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। साथ ही शाखा प्रबंधक के साथ भी इस मामले को लेकर मीटिंग करते हुए संबंधित दस्तावेज जांच किए जाएंगे।

### संयुक्त खाताधारक मुकेश ने कही ये बात

खाताधारक मुकेश कुमार मझवार ने बताया गया कि हीरालाल यादव के यहां वह ट्रैक्टर चलाने का कार्य करता है हीरालाल यादव के द्वारा ग्राम लहपटरा के सेंट्रल बैंक में ₹5000 लेकर खाता खुलवाया गया था। और खाते में चेक की राशि ₹348851 जमा होने के बाद हीरालाल उसे लहपटरा बैंक लेकर आया और विड्राल भर कर सेंट्रल बैंक के कर्मचारी बाल गोविंद यादव को गेट के बाहर दिया जाता था सेंट्रल बैंक के कर्मचारी बाल गोविंद यादव के द्वारा 1000 और ₹500 कमीशन लेकर बैंक के अंदर से राशि लाकर हीरालाल यादव को देता था लगभग मुकेश मझवार को हीरालाल यादव चार बार बैंक लाकर पैसा निकलवाया था साथ ही युवक ने आरोप लगाया कि।बाकी पैसा हीरालाल यादव बैंक के कर्मचारियों से सांठगांठ कर निकाला होगा।

## इंडियन फ़ार्मासिस्ट एसोसिएशन संभाग स्तरीय बैठक का आयोजन 17 जुलाई को अम्बिकापुर में

-संवाददाता-

**उदयपुर 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** इंडियन फ़ार्मासिस्ट एसोसिएशन सरगुज़ा संभाग की महत्वपूर्ण बैठक 17 जुलाई को हैप्पी स्टे होटल अम्बिकापुर में रखा गया है । इंडीयन फ़ार्मासिस्ट एसोसिएशन देशभर के 12 लाख से भी अधिक पंजीकृत फ़ार्मासिस्टों के हित में लगातार कार्य कर रहा है । हाल ही में आईपीए गुजरात स्टेट ब्रांच के अध्यक्ष डॉक्टर मोंटू पटेल फ़ार्मेसी काउन्सिल ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष निर्वाचित हुवे हैं । यह आईपीए के कार्यों का नतीजा ही है जहाँ संगठन के पदाधिकारी पीसीआई अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों पर हैं। आईपीए छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रांच लगातार प्रदेशभर के पंजीकृत फ़ार्मासिस्टों को संगठन से जोड़ रहा है अभी तक 1000 से भी अधिक फ़ार्मासिस्ट संगठन की विधिवत सदस्यता ले चुके हैं । अम्बिकापुर में आयोजित संभागीय बैठक में कोरिया , बलरामपुर , सूरजपुर , जशपुर एवं सरगुज़ा जिलों के फ़ार्मासिस्ट शामिल होंगे । बैठक में जिलों के फ़ार्मासिस्टों को ड्रग लाइसेन्स बनवाने में होने वाली समस्याओं , फ़ार्मेसी पंजीयन नवीनीकरण में हो रहे अनावश्यक विलंब एवं रोज़गार संबंधी विषयों का निराकरण किया जाएगा। आईपीए चाहता है कि सरगुज़ा संभाग के फ़ार्मासिस्टों को राजधानी में हो रही फ़ार्मेसी संबंधी गतिविधियों से सीधे तौर पर जोड़ने के लिए आगामी फ़ार्मेसी काउन्सिल चुनाव में संभाग से प्रतिनिधित्व मिले। उक्ताशय की जानकारी इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन सरगुजा जिले के सचिव विकास तिवारी के द्वारा प्रदान की गई।

## पुलिस अधीक्षक ने उदयपुर थाने का किया वार्षिक निरिक्षण



-संवाददाता-

**उदयपुर 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने उदयपुर थाने का वार्षिक निरिक्षण कर थाना क्षेत्र के अपराध नियंत्रण, शांति- सुरक्षा, मर्ग निकाल, लंबित अपराध, वारंट तामिली एवं कम्युनिटी पुलिसिंग को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिए। थाने में बेहतर काम करने वाले पुलिस अधिकारियों की प्रशंसा एवं लापरवाह कर्मचारियों को फटकार भी लगाई गई। वार्षिक निरिक्षण पर उदयपुर थाने पहुंची पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम परेड का निरिक्षण किया। परेड में बेस्ट टर्न आउट के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की प्रशंसा की। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना भवन का निरीक्षण किया गया। रिकॉर्ड संधारण को लेकर भी दिशा निर्देश दिए गए। थाना क्षेत्र के चोरी के आदतन आरोपियों को निगरानी में लाने की कार्रवाई करने और शातिर बदमाशों पर गुंडा एक्ट की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। ड्यूटी के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की एवं थाना प्रभारी को समस्या के निराकरण करने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। एसपी द्वारा लखनपुर थाने की तर्ज पर उदयपुर थाने के मालखाने को ऑनलाइन करने एवं जल्द से जल्द ई मालखना प्रारम्भ करने हेतु आदेशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कौशिक, थाना प्रभारी उदयपुर उप निरीक्षक धीरेन्द्र नाथ दुबे, रीडर अजीत मिश्रा, उदयपुर थाने के समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।






## सीजीएमएससी के अध्यक्ष ने किया कुन्नी उप तहसील का शुभारंभ



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन के अध्यक्ष व लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम ने गुरुवार को लखनपुर तहसील के राजस्व निरीक्षक मंडल कुन्नी में उप तहसील का शुभारंभ किया। उप तहसील कुन्नी वर्तमान में कुन्नी के पंचायत भवन में संचालित होगा।इस अवसर पर विधायक डॉ प्रीतम राम ने कहा कि कुन्नी को उप तहसील का दर्जा देकर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने क्षेत्र के लोगों को बड़ी सौगात दी है। अब कुन्नी से तहसील के कार्य के लिए लखनपुर नहीं जाना पड़ेगा। कुन्नी के साथ ही लुण्ड्रा तहसील के रघुनाथपुर व मैनपाट के राजापुर को भी उप तहसील बनाया जाएगा इसके लिए आदेश जारी हो चुका है।

ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा पर त्वरित अमल करते हुए कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने सरगुज़ा जिला अंतर्गत तहसील लुण्ड्रा के राजस्व निरीक्षक मंडल रघुनाथपुर, मैनपाट तहसील के राजस्व निरीक्षक मंडल राजापुर तथा लखनपुर तहसील के राजस्व निरीक्षक मंडल कुन्नी को अपवर्तित कर नवीन उप तहसील गठित करने का आदेश जारी कर दिया है।

# बैकुंठपुर रोड रेल्वे स्टेशन पर ट्रेन का हुआ स्वागत





- » अम्बिकापुर से हजरत निजामुद्दीन दिल्ली तक सीधी रेल सेवा से जुड़ा सरगुजा अंचल।
- » रेलमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को अम्बिकापुर से किया रवाना।
- » केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने अम्बिकापुर रेल्वे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम से ट्रेन को दिखाई हरी झंडी।
- » आज बैकुंठपुर रेल्वे स्टेशन पर नहीं रुकी ट्रेन फिर भी उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई।
- » हमे मालूम था आज ट्रेन बैकुंठपुर रेल्वे स्टेशन पर नहीं रुकेगी,हम अपने उत्साह को नहीं रोक सके,देवेंद्र तिवारी जिला महामंत्री भाजपा।
- » उम्मीद थी सभी दलों के लोग सरगुजा अंचल को मिली ट्रेन की सौगात पर दिखेंगे उत्साहित,करेंगे ट्रेन का स्वागत।
- » भाजपा के अलावा बैकुंठपुर रेल्वे स्टेशन पर किसी अन्य दलों के लोगों की नहीं दिखी उपस्थिति।
- » कटोरा रेल्वे स्टेशन पर इकलौते कांग्रेस नेता विजय सिंह ने ग्रामवासियों के साथ ट्रेन का किया स्वागत।
- » बैकुंठपुर रेल्वे स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई, जमकर बजाया ढोल, किया ट्रेन का स्वागत।
- » भाजपा में हाल में ही शामिल हुए बैकुंठपुर शहर के डॉक्टर राकेश शर्मा भी सपरिवार ट्रेन का स्वागत करने पहुंचे।
- » उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं शहरवासियों,ग्रामवासियों के अलावा स्टेशन स्टाफ भी दिखा उत्साहित।

**ट्रेन कटोरा रेल्वे स्टेशन में रुके होगी मांग,बैकुंठपुर रोड रेल्वे स्टेशन में हमने मनाया उत्साह,लक्ष्मण राजवाड़े**



-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 14 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** अम्बिकापुर से दिल्ली के लिए सीधी रेल सेवा का आज शुभारंभ रेल मंत्री की वर्चुअल उपस्थिति में साथ ही केंद्रीय राज्य मंत्री सरगुजा सांसद रेणुका सिंह की रेल्वे स्टेशन अम्बिकापुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति पश्चात हुई। सरगुजा अंचल को यह ट्रेन रेल मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर और रवाना कर सौगात स्वरूप प्रदान की और जिसे अम्बिकापुर रेल्वे स्टेशन से केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सरगुजा अंचल से देश की राजधानी दिल्ली के लिए सीधी रेल सेवा की मांग लगातार होती आ रही थी और जो आज मिल गई जिसका उत्साह पूरे सरगुजा संभाग में देखा गया वहीं जहां जहां जिन जिन रेल्वे स्टेशनों से होकर ट्रेन गुजरी सभी स्टेशनों में ट्रेन का स्वागत किया गया भले ही ट्रेन वहां न रुकी हो लेकिन लोगों को रेल्वे स्टेशन तक आकर ट्रेन को देखने के लिए उत्साहित देखा गया। देश की राजधानी दिल्ली के लिए अम्बिकापुर से शुरू हुई सीधी रेल सेवा अंतर्गत यह ट्रेन सफ्ताह में एक दिन अम्बिकापुर से हजरत निजामुद्दीन रेल्वे स्टेशन तक चलेगी। इस बारे में कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे देवेंद्र तिवारी (पूर्व जिला पंचायत सदस्य ) ने कहा कि कुछ असंतोषी प्रवृत्ति के लोग के ट्रेन न रुकने की बात कर रहे हैं, उन्हें नहीं पता कि ये नरेंद्र मोदी जी और रेणुका सिंह जी के जनसेवा का परिणाम है। हम इस गौरव पूर्ण अवसर के साक्षी बने हैं। इस अवसर पर लक्षमण राजवाड़े, बसंत राय, डॉ राकेश शर्मा , जितेंद्र सिंह, नान गुप्ता, शारदा गुप्ता , तीरथ राजवाड़े, सुभाष जायसवाल, सुभाष साहू ,सतेंद्र राजवाड़े , ईश्वर राजवाड़े , हितेश सिंह , मनोज साहू, रमेश तिवारी, प्रकाश राजवाड़े, केपी सिंह, उमाशंकर बंटी, मनोज सोनवानी, रोशन राजवाड़े, नीरज पटेल, राजेश ठाकुर, रौनक़ शर्मा, दीपक जायसवाल, अभिषेक साहू, रामचंद्र राजवाड़े, प्रदीप राजवाड़े, रंजन, सहित बड़ी संख्या में युवाओं एवं नागरिकों की उपस्थिति रही । इस प्रकार आज दिल्ली जाने वाली ट्रेन के अभिनन्दन के साक्षी सैकड़ों लोग बने।

### बांटी मिठाईयां, कराया मुंह मीठा

भाजपा जिला महामंत्री देवेंद्र तिवारी ने साथ ही उनके साथ पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने अम्बिकापुर से दिल्ली के लिए शुरू हुई रेल सेवा के आरंभ अवसर पर रेल्वे स्टेशन पहुंचे सभी लोगों का मुंह मीठा कराया और सभी को मिठाईयां बांटी। रेल्वे स्टेशन में मौजूद रेल विभाग के कर्मचारियों को भी मिठाईयां खिलाई गई और उन्हें भी बधाई दी गई।

### केंद्रीय राज्यमंत्री सरगुजा सांसद के लिए धन्यवाद का बैनर पोस्टर लेकर पहुंचे थे भाजपा कार्यकर्ता

बैकुंठपुर रेल्वे स्टेशन पर ट्रेन का स्वागत करने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं के पास केंद्रीय राज्यमंत्री एवम सरगुजा सांसद रेणुका सिंह के लिए रेल सेवा की सौगात दिलाने के लिए धन्यवाद का बैनर पोस्टर देखा गया और सभी भाजपा कार्यकर्ता लगातार प्रधानमंत्री, रेल मंत्री सहित केंद्रीय राज्यमंत्री सरगुजा सांसद के नाम से उनके लिए धन्यवाद का नारा लगाते रहे।

### बदला जा सकता है ट्रेन का रूट,ट्रेन में नहीं हो सकता है स्लीपर कोच

जैसा कि बताया जा रहा है कि यह ट्रेन आने वाले समय मे अन्य रूट से होकर दिल्ली तक कि यात्रा पूरी करेगी जबकि पहली बार यह सीधे सीधे मुख्य मार्ग से दिल्ली पहुंचेगी। नया रूट कानपुर होकर होगा ट्रेन का यह चर्चा सुनाई दी, वहीं ट्रेन में स्लीपर कोच नहीं होंगे और ट्रेन की बोगियां एलएचबी कोच होंगी जो आधुनिक बोगियां हैं ट्रेन की जिसका लाभ यात्रियों को मिलेगा। अब आने वाले समय मे ट्रेन किस रूट से चलेगी यह ट्रेन की नई समय सारणी जारी होने पर पता चलेगी जो वर्तमान में एकबार के बाद रेल्वे सर्वर पर मौजूद नहीं है।

### शहर के चिकित्सक की सपरिवार ट्रेन स्वागत कार्यक्रम में देखी गई उपस्थिति

बैकुंठपुर शहर के निजी नर्सिंग होम संचालक साथ ही हाल में ही भाजपा प्रवेश किये हुए चिकित्सक को भी बैकुंठपुर रेल्वे स्टेशन में सपरिवार ट्रेन का स्वागत करते देखा गया। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चिकित्सक सपरिवार स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए।

### कटोरा रेल्वे स्टेशन में भी पहुंचे उत्साहित ग्रामवासी,कांग्रेस नेता विजय सिंह भी दिखे शामिल

जिले के कटोरा रेल्वे स्टेशन में भी ट्रेन को देखने उत्साहित ग्रामवासियों को खड़े देखा गया साथ ही उन्होंने भी ट्रेन का स्वागत किया। ट्रेन का स्वागत कटोरा रेलवे स्टेशन से करने कांग्रेस नेता विजय सिंह भी पहुंचे और सभी ने अपने अपने मोबाइल से तस्वीर बनाकर वीडियो बनाकर शेयर भी किया।

### भाजपा छोड़ अन्य राजनीतिक दलों में नहीं दिखा ट्रेन को लेकर उत्साह

बैकुंठपुर रेल्वे स्टेशन पर जहां भाजपा जिला महामंत्री देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने ट्रेन का स्वागत किया सभी उत्साहित दिखे वहीं अन्य राजनीतिक दलों खासकर प्रदेश के सत्ताधारी दल कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं में कोई उत्साह नहीं देखा गया किसी ने स्टेशन पहुंचने या फिर उत्साह जाहिर करने का कोई भी दृश्य कहीं साझा नहीं किया जिससे यह स्पस्ट हुआ कि उन्हें उत्साह या प्रशन्नता नहीं हुई सरगुजा अंचल को मिली दिल्ली राजधानी के लिए सीधी रेल सेवा से,जबकि यह अनुमान लगाया जा रहा था कि इस सुविधा प्राप्ति पर सभी दलों में उत्साह नजर आएगा सभी प्रसन्न नजर आएंगे जैसा होता दिखाई नहीं दिया।
लोगों का मानना है कि यह एक ऐसी सुविधा सरगुजा अंचल को मिली है जिसका उत्साह सभी मे बराबर होना चाहिए था और सभी को प्रसन्नता जाहिर करनी चाहिए थी।

### बैकुंठपुर रेल्वे स्टेशन पर नहीं रुकेगी आज ट्रेन,हमे मालूम था,देवेंद्र तिवारी जिला महामंत्री भाजपा



बैकुंठपुर रेल्वे स्टेशन पर ट्रेन नहीं रुकेगी यह हमें मालूम था ऐसा कहना है भाजपा महामंत्री देवेंद्र तिवारी का,उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए सीधी रेल सेवा का शुभारंभ हुआ और यह आज नहीं कई दशकों पुरानी मांग थी जिसे देश के वर्तमान प्रधानमंत्री ने पूरा किया। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने सरगुजा का विकास कभी नहीं होने दिया और रेल सेवा का विस्तार भी सरगुजा अंचल में नहीं होने दिया जिसे आज देश की हमारी भाजपा सरकार ने पूरा किया है जो हमारे लिए और सम्पूर्ण सरगुजा वासियों के लिए उत्साह का विषय है। आज प्रारंभ दिवस ट्रेन बैकुंठपुर रोड रेल्वे स्टेशन पर नहीं रुकेगी यह हमें मालूम था और आने वाले समय मे यह बैकुंठपुर रोड रेल्वे स्टेशन पर रुकेगी यह भी हमे मालूम था उसके बावजूद भी हम अपने उत्साह को नहीं रोक पाने की वजह से बैकुंठपुर रेल्वे स्टेशन ट्रेन का स्वागत करने पहुंचे हैं क्योंकि अब हमें रेल मामले में एक उपलब्धि और बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। भाजपा नेता देवेंद्र तिवारी का कहना है कि जो लोग खासकर अन्य राजनीतिक दलों के वह लोग जो आज ट्रेन को लेकर उत्साहित नही नजर आ रहें हैं वही इस ट्रेन में यात्रा करेंगे और सुविधा का भरपूर लाभ लेंगे। उन्हें उत्साह नहीं है लेकिन हम उन्हें भी इस उपलब्धि की बधाई देते हैं।

सरगुजा अंचल को देश के प्रधानमंत्री रेलमंत्री सहित सरगुजा सांसद व केंद्र में राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने एक बड़ी सौगात दी है। सरगुजा को रेल मामले में पुरानी सरकार ने पिछड़ा बना दिया था वहीं हावड़ा मुंबई रेल मार्ग जो हावड़ा से मुंबई को जोड़ने वाला सबसे सुगम व कम दूरी वाला मार्ग था उसे भी शुरू करने में पूर्व की सरकारों ने ध्यान नहीं दिया था जिसकी वजह से कहीं न कहीं हमारा सरगुजा अंचल रेल मामलों में पिछड़ गया थाऔर सरगुजा का विकास भी थम गया था। बड़े उत्साह का विषय है कि देश की राजधानी से सीधे रेल सेवा से हम जुड़ सके और अब दिल्ली दूर नहीं वाली कहावत चरितार्थ हुई। बैकुंठपुर रेल्वे स्टेशन में ट्रेन नहीं रुकी अगली बार से रुकेगी यह मालूम था हमे लेकिन क्षेत्र के लिए मिली सौगात के उत्साह में हम खुद को रोक नहीं सके और बैकुंठपुर रेल्वे स्टेशन जाकर हमने उत्साह मनाया और ट्रेन को अपने सामने से जाते देखकर प्रसन्न हुए। कटोरा रेल्वे स्टेशन में ट्रेन रुके यह हम मांग करेंगे और हम इस बात से भी उत्साहित हैं कि हावड़ा मुंबई रेल मार्ग सरगुजा अंचल से होकर गुजरेगा जो सबसे बड़ी उपलब्धि क्षेत्र के लिए होगी और इस सोच की जनक देश की वर्तमान भाजपा सरकार है।

# तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के जाते ही नए पुलिस अधीक्षक के आते ही मनेंद्रगढ़ पुलिस की जुआरियों पर कार्यवाही ?

**कार्यवाही संदेहास्पद,आखिर नए पुलिस अधीक्षक के आते ही कैसे सक्रिय दिखी मनेंद्रगढ़ पुलिस।**
**क्या मनेंद्रगढ़ पुलिस को इससे पहले जुआरिओ की नहीं थी जानकारी,पुलिस अधीक्षक के बदलते ही मिली सफलता?**

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 14 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** अविभाजित कोरिया जिले के मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना अंतर्गत लंबे समय से जुआ का कारोबार चल रहा था पर पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी अखबारों में जुआ पर कार्यवाही ना करने को लेकर पुलिस सुर्खियों में थी फिर भी जुआरी पुलिस की पकड़ से बाहर थे आखिर इसकी वजह क्या थी यह तो नहीं पता पर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल सिंह ठाकुर के जाने के बाद नए पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के पदभार ग्रहण करते ही मनेंद्रगढ़ पुलिस को जुआरियों पर कार्यवाही करने में सफलता मिल गई, वह भी कार्यवाही इतनी बड़ी कि एक नहीं 10 जुआरी उनके हत्थे चढ़ गए जिनके पास से 75 हजार की रकम भी बरामद हो गई पर इस कार्यवाही के होने पर मनेंद्रगढ़ पुलिस की कार्यवाही पर एक नहीं अनेकों सवाल भी खड़े हो गए कि आखिर इससे पहले कार्यवाही क्यों नहीं हो रही थी? मनेंद्रगढ़ थाने की पुलिस और जब सूचना पुलिस को दी जाती थी तो सूचना से पहले ही जुआरी अपने अड्डों से कैसे भाग जाते थे, इन सबके बीच यह कार्यवाही मनेंद्रगढ़ पुलिस को ही कटघरे में खड़ा करती है, जुआड़ियों पर पुलिस की कार्यवाही होना सराहनीय है पर कार्यवाही निष्पक्ष ना होना यह दुखद है, जब की पूरी तरीके से यह अवैध धंधा बंद हो सकता था पर उस समय कार्यवाही नहीं की गई अखबार व मीडिया खबर प्रकाशित कर रहे थे पर पुलिस अनजान थी आखिर अब पुलिस को पुलिस अधीक्षक के जाते हैं जुआरी दिखने लगे और जगह भी मिल गई और जुगाड़ी पकड़े भी गए, पूरी कार्यवाही में सबसे अहम बात जो सामने आई वह यह कि मनेंद्रगढ़ पुलिस जो अब कार्यवाही कर अपनी ही पीठ नए पुलिस अधीक्षक से ठुकवाने तैयार है क्या पुलिस अधीक्षक उनकी पीठ ठोकेंगे या इतने बड़े जुआ फड़ संचालन को लेकर मनेंद्रगढ़ पुलिस पर कार्यवाही करेंगे।






### मनेंद्रगढ़ पुलिस की कार्यवाही में पकड़े गए नामचीन लोग,सफेदपोश भी उनमें शामिल

मनेंद्रगढ़ पुलिस ने जिन लोगों पर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की है उनमें शहर के नामचीन लोगों का नाम शामिल है साथ ही कई सफेदपोश लोग भी इन दस लोगों में शामिल हैं। जिस तरह इस कार्यवाही में नामचीन लोगों के नाम सामने आये हैं उससे यह जाहिर है कि यह कोई एक दिन का पेशा नहीं था और पुलिस पूरी तरह भिज्ञ थी कि जुआ चलता कहां है। मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने के प्रभारी जिनको लंबा समय हो चुका है थाने का प्रभार मिले हुए और उनके कार्यकाल में जुआ को लेकर भी खबरें छपती रहीं लेकिन पहली बार बड़ी कार्यवाही बड़े लोगों पर पुलिस कर सकी जो कई संकायों को जन्म देती नजर आने वाली कार्यवाही है।

### लगभग दो वर्ष हो चुके मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी के कार्यकाल को

मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना अंतर्गत जुआ बड़े स्तर पर चलता है और बाकायदा जुआ खिलवाया जाता है इसबात की जानकारी लगातार समाचारों में दी जाती रही है। मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी जिनको मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने में दो वर्ष का कार्यकाल लगभग पूर्ण करते हो गया उनकी यह पहली बड़ी कार्यवाही तब है जब नए पुलिस अधीक्षक का जिले में आगमन हुआ है।

### कहीं पुलिस थाना के प्रभार के लिए तो यह कार्यवाही नहीं मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी की

जैसा कि अनुमान लगाया जा रहा है कि नए पुलिस अधीक्षक जो कानून व्यवस्था और बेहतर पुलिसिंग को लेकर जाने जाते हैं कि आते ही मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना के प्रभारी को यह आभास हो गया कि उनकी थानेदारी जा सकती है और इसीलिए उन्होंने यह कार्यवाही की है। उनकी कार्यवाही खुद के लिए खुद को थाना प्रभारी बनाये रखने के लिए की गई कार्यवाही है ऐसे कयास लगाए ज रहें हैं।

**निरीक्षकों के रहते उप निरीक्षक जुगाड़ में बने हुए हैं थाना प्रभारी**

जिले में पर्याप्त निरीक्षक होने के उपरांत कुछ उप निरीक्षक थाना प्रभारी बने हुए हैं और वह भी जिले के शहरी और बे पुलिस थानों के,जबकि पुलिस महानिदेशक का ही आदेश है की केवल निरीक्षक ही थानों के प्रभारी होंगे यदि वह उपलब्ध हैं। अब जिले में पर्याप्त निरीक्षकों के होते कयय नए पुलिस अधीक्षक भी उप निरीक्षकों को ही पुलिस थानों के प्रभार में रखेंगे यह देखने वाली बात होगी।

## भाजपा ने सरकार के खिलाफ चक्का जाम कर किया हल्ला बोल प्रदर्शन

- ✱ किसानों के समर्थन में सड़क पर उतरी भाजपा 3 घंटे बाधित रहा राष्ट्रीय राजमार्ग 43
- ✱ तीन दिवस के भीतर किसानों को खाद उपलब्ध कराने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन
- ✱ किसानों को खाद की पूर्ति की मांग पूरी नहीं होने पर तीन दिवस बाद भाजपा फिर करेगी वृहद आंदोलन



-नगर संवाददाता-

**सूरजपुर 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल सूरजपुर के द्वारा गुरुवार को शहर के हृदय स्थल कोतवाली थाना के समीप अग्रसेन चौक एनएच 43 पर किसानों की मुख्य समस्या डी.ए.पी, इफको, युरिया व खाद की कमी को लेकर एवं उसकी कालाबाजारी के विरोध में लगभग 3 घंटे राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर चक्का जाम कर जमकर हल्ला बोलते हुए विरोध प्रदर्शन किया।
गौरतलब है कि कांग्रेस के इस प्रदेश सरकार के खिलाफ हल्ला बोल चक्का जाम विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिला महामंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस की प्रदेश सरकार किसानों को खाद दिलाने में पूर्णतः विफल हो गई है, इफको, डी.ए.पी, यूरिया खुले बाजार में तो दो से तीन गुना दामों पर खुलेआम बिक रहा है पर स्वास्थ्य समितियों में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। समितियों में जो खाद आ रही है उसे भी बड़े पैमाने पर कालाबाजारी की जा रही है, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा की प्रदेश सरकार इस व्यवस्था को तत्काल सुधारें अन्यथा इस स्थिति में भाजपा और बड़ी लड़ाई लड़ने को मजबूर होगी। जिला कोषाध्यक्ष थलेश्वर साहू ने कहा कि प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार आई है तब से किसानों का शोषण कर रही है। खाद-बीज, युरिया, इफको, डी.ए.पी, बीज और खाद तो मिल ही नहीं रहा है एवं धान बिक्री के समय में बोरा भी उपलब्ध नहीं हो पाता है। किसानों को अपना पैसा लेने के लिए बैंकों में कमीशन देना पड़ता है और अपना ही पैसा किस्तों में लेने पर मजबूर होना पड़ता है। यह सरकार जन हितैषी सरकार ना होकर भ्रष्टाचार पोषक सरकार बन गई। जिला मंत्री संदीप अग्रवाल एवं मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचारी सरकार हो गई लगातार युवाओं, महिलाओं, किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी सभी का शोषण कर रही है। जहां केंद्र कि मोदी सरकार किसानों को किसान सम्मान निधि के माध्यम से वार्षिक 6 हजार रुपये भेज रही है वंही कांग्रेस किसानों को खाद बीज से वंचित कर रही है। कांग्रेस की प्रदेश सरकार के द्वारा किसानों के ऊपर किए जा रहे हैं जोर-जुर्म, शोषण और अत्याचार के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने इसका पुरजोर विरोध किया है।
इस चक्काजाम आंदोलन कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला महामंत्री राजेश अग्रवाल महलवाला, जिला कोषाध्यक्ष थलेश्वर साहू, जिला मंत्री संदीप अग्रवाल, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिव शंकर साहू, बसंत कुशवाहा, रणवीर सिंह, मुकेश गर्ग, राजू देवांगन, जिला पंचायत सदस्य सुमन सिंह,शांति सिंह, किरण खेस, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरोज साहू,अनीता मिश्रा, सकुन्तला पाठक ,विमला भगत कन्या कुमारी, अरविंद मिश्रा, आनंद सोनी,मनोज सोनी, गुलाब साहू, सतनारायण गुप्ता, जियाउल हक, अजय सिंह, भुनेश्वर साहू, सुरेंद्र देवांगन, अनिल साहू, संदीप जायसवाल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष यशवंत सिंह, भाजयुमो शहर महामंत्री संस्कार अग्रवाल, प्यारे साहू, दिलीप साहू, राकेश महाराज, पंकज सोनी, रंजन सोनी, विकास साहू, तुषार ठाकुर, नितिन सोनी, राज सोनी, लोकनाथ बैगा, यश ठाकुर, अक्षत अग्रवाल, शुभम सोनी, सहित काफी संख्या में भाजपा, भाजयुमो, किसान मोर्चा, महिला मोर्चा एवं अन्य मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार्यालय-महाबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सरगुजा छ0ग0**

आ.प्र.क्र.-153 दिनांक 27.01.2022

//इश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स कथूर माईनिंग टूल्स प्रो प्रा0 श्रीमती सुरेन्द्रजीत कथूर के मृत्यु उपरांत आवेदक कुलदीप सिंह कथूर अर्द्धशहरीय औद्योगिक संस्थान बनारस रोड अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) द्वारा उनके पुत्र गुरूपाल सिंह कथूर के नाम भू-खण्ड क्रमांक-17 एवं 18 कुल रकबा 31352.24 वर्गफुट भूमि को हस्तांतरित करने हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सरगुजा अम्बिकापुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। जो कि कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सरगुजा में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो यह ईश्तहार जारी होने के 30 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से आपत्ति कर प्रस्तुत सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी।

सील

महाप्रबंधक
जिला व्यापार एवं उद्योग
केन्द्र सरगुजा (छ0ग0)

# अफसरों के बदलते ही नियम भी बदल जाते है



-नगर संवाददाता-

**सूरजपुर 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** जिले में अफसरों के बदलते ही नियम भी बदल जाते है...!कुछ तो ऐसे नियम है जिनके बदल जाने से लोगो को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।ऐसा ही एक नियम कन्या शाला के सामने स्थित दुकानों को लेकर सीएसपी डीके सिंह के उस कार्यकाल में लागू हुए थे जब वे कोतवाल टीआई थे।नियमो में यह था कि छात्राओं की असुविधा,जाम व असमाजिक तत्वों के जमावड़े को देखते हुए वहां ठेला,सब्जी बाजार का अन्यत्र कर दिया गया।लेकिन उनके जाते ही तमाम तुर्रम खां अफसर आये और चले गए पर इस समस्या पर किसी की नजर नही है। हो यह रहा है कि स्कूलों के समय पर जाम लग रहा है।भीड़ में छींटाकशी हो रही है पुलिस व नगरीय प्रशासन मूक दर्शक है।उन्हें शिकायत या गम्भीर हादसे का इंतजार है।जब सांप निकल जाए लकीर पीटने के अंदाज में अपनी सक्रियता बताएं।दिलचस्प यह है कोतवाली के सामने मौजूद यह केवल अब कन्या शाला ही नही है बल्कि सरकार का रोड मॉडल स्कूल आत्मानन्द विद्यालय और कन्या कालेज भी यहीं से संचालित है।बावजूद इसके न किसी जनप्रतिनिधि को चिंता है न अफसर को...?फिलहाल इस पर आत्मानन्द स्कूल के प्राचार्य ने चिंता व्यक्त करते हुए सीएमओ को एक पत्र लिखा है जिसमे दिक्कतों की ओर ध्यानाकर्षण करते तत्काल यहां से दुकानों को हटाने की कार्रवाई करने का आग्रह किया है।उन्होंने पत्र में लिखा है कि स्कूल परिसर के आसपास ठेला,गुमटी,चाट ,सब्जी बाजार आदि के कारण भीड़ लगा रहता है जहाँ कई तरह के लोग जमा रहते है।छुट्टी के समय जाम की स्थिति बनती है और इससे छात्राओं को असुविधाजनक रहता है।



# वित्तीय घोटाले ने खोल दी चीन में विनियमन और निगरानी की पोल,हजारों लोग बने शिकार

**बीजिंग , 14 जुलाई 2022।** चीन में हुए एक बड़े बैंक घोटाले ने देश में विनियमन (रेगुलेशन) की व्यवस्था की पोल खोल दी है। इस मामले को देश का अब तक का सबसे बड़ा वित्तीय घोटाला बताया जा रहा है। पिछले सप्ताहांत इस घोटाले का शिकार हुए लोग सड़कों पर उतर आए। रविवार को प्रदर्शनकारियों पर अज्ञात लोगों के हमले में दर्जनों लोग घायल हुए। उसके बाद से दुनिया का ध्यान इस घटना पर गया है।

इस घोटाले का हेनान और अनहुई प्रातों के हजारों लोग शिकार बने हैं। घोटाले में चार बैंक शामिल हुए, जिन्होंने अधिक ब्याज देने का लालच देकर लोगों से रकम जमा करवाई। लोगों ने इन बैंकों में हजारों की रकम जमा की। घोटाले का खुलासा होने के बाद जब शिकार हुए हजारों लोगों ने सड़कों पर प्रदर्शन जारी रखा, तो उसके बाद चीन सरकार की नींद टूटी है। चाइना बैंकिंग एंड इंश्योरेंस रेगुलेटरी कमीशन (सीबीआईआरसी) ने इस मामले में दो बयान जारी किए हैं। नुकसान उठाने वाले लोगों को मुआवजा देने का एलान किया गया है। लेकिन पीड़ित लोग उससे संतुष्ट नहीं हैं।




हांग उपनाम वाली एक महिला ने हांगकांग से प्रकाशित अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट से कहा- 'सरकारी घोषणा से समस्या हल नहीं हुई है। हमें पूरा पैकेज दिया जाना चाहिए। अगर हेनन प्रांत की सरकार के पास पैसा नहीं है, तो केंद्र सरकार को ऐसा करना चाहिए। ऐसा नहीं हुआ तो जमाकर्ताओं को क्षति होगी।' घोटाले के कारण हांग की आठ लाख 60 हजार युवान (एक लाख 28 डॉलर) की रकम डूब गई है।

झेंगझाउ में रहने वाले वांग उपनाम वाले एक अन्य जमाकर्ता ने मंगलवार को इसी अखबार को बताया कि सरकारी अधिकारियों ने ज्यादातर जमाकर्ताओं को वापस उनके घर भेज दिया है। भीड़ में कुछ लोगों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद अधिकारियों ने ये कदम उठाया। कुछ लोगों को वहां की पुलिस ने हिरासत में भी लिया। वांग की तीन लाख युवान की रकम डूब गई है।

सामने आए ब्योरे के मताबिक चारों बैंकों ने थर्ड पार्टी एजेंसी के जरिए लोगों से संपर्क किया। उन्हें 4.1 से 4.5 फीसदी तक की ब्याज देने का वादा किया गया। जबकि चीन में सरकारी ब्याज दर 2.75 फीसदी ही है। ये स्कीम पांच साल से चल रही थी। इस दौरान अक्सर लोगों ने अपने पैसे निकाले। लेकिन हाल में बैंकों के सिस्टम नॉन-रेस्पॉन्सिव (निष्क्रिय) हो गए। तब जाकर जमाकर्ताओं के कान खड़े हुए।

लंदन स्थित आर्थिक अनुमान लगाने वाली कंपनी एनोडो इकॉनमिक्स के मुताबिक चीन के पास बैंकिंग व्यवस्था संचालन के शक्तिशाली हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर हैं। इसलिए फिलहाल वह फिलहाल ग्रामीण बैंकों के संचालन को नियंत्रित कर लेगा। लेकिन बैंकिंग व्यवस्था जिस तरह से काम कर रही है, उससे लंबी अवधि में गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

जियांग्सु प्रांत में रहने वाले झांग सरनेम वाले एक व्यक्ति ने 4.5 फीसदी ब्याज पाने की आस में दिसंबर 2020 में घोटालेबाज बैंकों की योजना में 50 हजार युवान का निवेश किया था। उन्होंने साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट से कहा- 'ब्याज तो दूर की बात है, अब अगर सरकार मेरे 50 हजार युवान भी दे दे, तो मुझे लगेगा कि मुझ पर अहसान किया गया है।' शी नाम की एक महिला की घोटाले में छह लाख 65 हजार युवान लुट गई है। उन्होंने कहा- जरूरत पूरी जांच की है, ताकि बैंकिंग में पारदर्शिता बढ़ सके।

# अस्पतालों ने भी हाथ खड़े किए,डॉक्टरों ने कहा-बीमार और घायल होने से बचें

**कोलंबो, 14 जुलाई 2022।** आर्थिक बदहाली का शिकार हुए श्रीलंका का मेडिकल ढांचा भी अब चरमरा गया है। अस्पतालों में किडनी व कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की तो छोड़िए, सामान्य दवाएं तक खत्म होने लगी हैं। हालात यहां तक बिगड़ गए हैं कि अस्पतालों और डॉक्टरों ने इलाज करने से हाथ खड़े करते हुए लोगों को सलाह दी है कि वे बीमार और घायल होने से बचें, वरना उन्हें बचाना मुश्किल हो जाएगा।



दरअसल, देश में आर्थिक संकट के चलते ईंधन और खाद्य सामग्री और दवाओं की भारी किल्लत है। कुछ डॉक्टर आपूर्ति के लिए दान या जरूरी वस्तुओं की खरीद के लिए राशि जुटाने के लिए सोशल मीडिया पर अपील कर रहे हैं। उन्होंने विदेशों में रह रहे श्रीलंकाई लोगों से भी मदद की गुहार लगाई है। जानकारों के मुताबिक, श्रीलंका में जारी आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता के खत्म होने का फिलहाल कोई संकेत नहीं दिख रहा है। यही वजह है कि कुछ चिकित्सकीय विशेषज्ञों ने मौजूदा हालात के मद्देनजर देश में स्वास्थ्य आपातकाल लगाने की पैरवी की है।

**इलाज रुका, खतरे में जान**

देश में गहराते स्वास्थ्य संकट का अंदाजा पंद्रह वर्षीय हसीनी वसाना की हालत से लगाया जा सकता है। उसका नौ महीने पहले किडनी प्रत्यारोपण हुआ था और जीवनभर प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की दवाएं लेना जरूरी है। लेकिन अब अस्पताल ने हाथ खड़े कर दिए हैं कि नहीं पता कि बीमार को जरूरी दवाएं दोबारा कब मिल पाएंगी।

# चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच उत्तर-पूर्व पर सरकार का पर्याप्त ध्यान,सुमन बेरी ने कही बड़ी बात

**न्यूयॉर्क, 14 जुलाई 2022।** चीन के बढ़ते आक्रामक रूख के बीच भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर केंद्र सरकार पर्याप्त ध्यान दे रही है। अब अन्य राजनीतिक दल भी वहां अपना प्रभाव जमाने के लिए एक-दूसरे से होड़ कर रहे हैं।

यह बात नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने न्यूयॉर्क में आयोजित एक राउंड टेबल कार्यक्रम में कही। इसका आयोजन भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बदलते भारत को लेकर नीति आयोग की साझेदारी से किया था। कार्यक्रम में अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच और टॉई न्यूयॉर्क भी सहभागी थे।



नीति आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि चीन का कड़ा रुख और पूर्वोत्तर क्षेत्र आज भारतीय राजनीतिक के दो महत्वपूर्ण मुद्दे बनकर उभरे हैं। इसीलिए ये अलग स्थान रखते हैं और राजनीतिक दलों के लिए ये आकर्षक स्थान बन रहे हैं। बेरी ने ये बात असम व पूर्वोत्तर को लेकर एक सवाल के जवाब में कही। इन्हें शेष भारत से कैसे बेहतर ढंग से जोड़ा जा सकता है, इसे लेकर भी उन्होंने कुछ सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि दो बातें खासतौर से सामने आ रही हैं कि ये क्षेत्र भारतीय राजनीति के लिए आकर्षण के केंद्र बनने लगे हैं और दूसरा सरकार इस क्षेत्र की ओर पर्याप्त ध्यान दे रही है।

शेष भारत से पूर्वोत्तर को एकीकृत करने में कितना वक्त लगेगा, यह यह भौतिक दूरी और बुनियादी ढांचे से जुड़ा मसला है। तेजी से बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है। भारत बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में बिम्सटेक की दिशा में भी ध्यान दे रही है। यह भी एकीकरण की दृष्टि से बड़ा इलाका है। इसलिए आने वाले दिनों में पूर्वोत्तर पहले की तुलना में बहुत अलग होगा।

बता दें, भारत की लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक चीन के साथ 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा है। पैंगोंग झील क्षेत्र में 5 मई, 2020 को हिंसक झड़प के बाद भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच सीमा को लेकर तनाव पैदा हुआ है। इसके बाद 15 जून, 2020 को गलवान घाटी में झड़पों के बाद सेनाओं का जमावड़ा और बढ़ गया।



## टोरंटो के रिचमंड हिल में तोड़ी गई महात्मा गांधी की प्रतिमा, भारतीय दूतावास ने दी जानकारी

**टोरंटो, 14 जुलाई 2022।** कनाडा के टोरंटो में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा को तोड़े जाने का मामला सामने आया है। कनाडा के टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। कनाडा के टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने ट्वीट किया, ÷हम रिचमंड हिल के विष्णु मंदिर में महात्मा गांधी की प्रतिमा को तोड़े जाने से व्यथित हैं। बर्बरता के इस आपराधिक, घृणित कृत्य ने कनाडा में भारतीय समुदाय की भावनाओं को गहरा ठेस पहुंचाई है।

# हिजाब से आजादी के लिए सड़कों पर उतरीं ईरानी महिलाएं

**तेहरान , 14 जुलाई 2022।** इस्लामी मुल्क ईरान में महिलाओं ने हिजाब का जोरदार विरोध शुरू कर दिया है। वह भी उस दिन, जब सरकार की ओर से देश में हिजाब और शुद्धता दिवस मनाया जा रहा था। सड़कों पर उतरी महिलाओं ने सख्त नियमों का कड़ा विरोध किया और अपने हिजाब उतारकर फेंक दिए। उन्होंने नकाब हटाकर सार्वजनिक तौर पर वीडियो बनाए और इन्हें पोस्ट कर इस्लामिक रिपब्लिक में हिजाब पाबंदी की विरोध किया।



1979 की इस्लामी क्रांति के बाद लागू ईरान के कानून के मुताबिक, नौ साल से ज्यादा की सभी महिलाओं को सार्वजनिक तौर पर अपने बाल ढकना अनिवार्य है। 12 जुलाई को सरकारी विशेष दिवस पर महिलाओं का रुख भांपकर सरकार ने चौकसी भी बरती। उसने 11 जुलाई को ही कई मुखर महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया था। उधर, सालों से सख्त नियमों का विरोध कर रही महिलाओं ने इस अवसर को हिजाब की खिलाफत के लिए इस्तेमाल किया। तय वक्त पर महिलाएं सड़कों पर निकलीं और अपने हिजाब व शॉल उतारकर फेंक दिए। इसके बाद उन्होंने सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का उपयोग किया तो दुकानों में खरीदारी भी की। उन्होंने सार्वजनिक तौर पर अपने नकाब हटाकर वीडियो भी बनाए। कई स्थानों पर तो पुरुषों ने भी उनका जमकर साथ दिया।


सरकार ने सेना को सौंप रखा है पाबंदी लागू कराने का जिम्मा

ईरान की सरकार ने महिलाओं पर हिजाब पाबंदी लागू कराने का जिम्मा सेना को सौंप रखा है। सड़कों पर महिलाओं के विरोध की सूचना मिली तो सरकार ने टेलीविजन पर शुद्धता दिवस का वीडियो प्रसारित किया। इसमें हरे हिजाब और लंबे सफेद कपड़े पहने 13 महिलाओं को नृत्य करते दिखाया गया।

# चीन के वैज्ञानिकों ने बनाई माइक्रोप्लास्टिक खाने वाली मछली,समुद्र की करेगी सफाई

**बीजिंग, 14 जुलाई 2022।** चीन के वैज्ञानिकों ने माइक्रोप्लास्टिक खाने वाली एक मछली बनाई है। यह चावल के दाने से बहुत छोटे प्लास्टिक के टुकड़े खाने में सक्षम है। इसे समुद्र की सफाई के लिहाज से बनाया गया है। काले रंग की यह रोबोटिक मछली एक लाइट (रेडियोसक्रिय किरणों से उपचारित) की मदद से काम करती है। इसके जरिये वह अपने पंख फड़फड़ा सकती है और शरीर को हिला डुला सकती है।

दक्षिण-पश्चिम चीन की सिचुआन यूनिवर्सिटी की चीनी वैज्ञानिकों की एक टीम ने कहा कि ये रोबोट मछली एक दिन दुनिया भर के समुद्र से माइक्रोप्लास्टिक के कचरे को साफ कर देगी। यह छूने में एकदम नाजुक और 1.3 सेंटीमीटर (0.5 इंच) तक लंबी है। इस तरह की कुछ मछलियां सतह की गहराई में पानी से माइक्रोप्लास्टिक निकालने का काम कर रही हैं। टीम का कहना है कि वह रोबोट मछलियों पर अभी और काम कर रहे हैं, ताकि ये एक दिन और गहराई तक जाकर पानी से माइक्रोप्लास्टिक को खा सकें।



**कम वजन, छोटा आकार**

रोबोट को बनाने वाली टीम के शोधकर्ता वांग युयान ने कहा, हमने कम वजन वाला छोटी रोबोटिक मछली बनाई है। इसे बायोमेडिकल या खतरनाक ऑपरेशंस के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा यह एक तरह का छोटा रोबोट है, जिसे शरीर में भी लगाया जा सकता है। जिससे बीमारी को खत्म करने में भी मदद मिल सकती है। वैज्ञानिक लाइट का इस्तेमाल करते हुए रोबोट को नियंत्रित कर सकते हैं, ताकि ये पानी में तैरने वाली अन्य मछलियों और जहाजों से न टकराएं।

**बड़ी मछली के खा जाने के बाद भी रहती है जीवित**

वांग के मुताबिक, अगर इन्हें गलती से पानी में मौजूद दूसरी मछलियां खा लेती हैं, तब भी असली मछलियों को इससे कोई नुकसान नहीं होगा। वो आसानी से इन रोबोट को पचा लेंगी। ऐसा इसलिए क्योंकि मछलियों को पॉलीयुरेथेन से बनाया गया है। जो बायो कंपैटिबल है। रोबोटिक मछलियां प्रदूषकों को अवशोषित कर सकती हैं और क्षतिग्रस्त होने पर खुद को ठीक कर सकती हैं। यह प्रति सेकेंड 2.76 बॉडी लेंथ के साथ तैर सकती हैं, जो अधिकतर आर्टिफिशियल रोबोट की तुलना में अधिक तीव्र है।

**माइक्रोप्लास्टिक का पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव**

वांग का कहना है कि हम अधिकतर माइक्रोप्लास्टिक्स को संग्रह करने पर काम कर रहे हैं। इसका पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह जीवों में विकास, प्रजनन और सामान्य जैविक कार्यों को सीमित करता है और इंसानों पर भी इसका प्रभाव पड़ता है।

# चीन समेत पश्चिमी यूरोप के कई देशों पर पड़ेगी भीषण गर्मी की मार

**बीजिंग, 14 जुलाई 2022।** चीन समेत पश्चिमी यूरोप के कई देश भीषण गर्मी की चपेट में आने वाले हैं। इस सप्ताह चीन, यूरोप, दक्षिण-पश्चिम और मध्य अमेरिका के कुछ हिस्सों में हीटवेव चेतावनी जारी की गई है। देश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में कम से कम 86 शहरों रेड अलर्ट जारी किया गया है।

हालात ये हैं कि इन शहरों में निर्माण कार्य पर पूरी तरह रोक लगा दिया गया है। लोग गर्मी से इतने परेशान हैं कि वह हमेशा ठंडे जगह की तलाश में रहते हैं। लगभग 2.50 करोड़ की आबादी वाले शंघाई प्रशासन ने लोगों को चेतावनी दी गई है कि अगले कुछ हफ्ते भी इसी तरह के होने वाले हैं, इसलिए वे गर्मी झेलने के लिए तैयार रहें।

चीनी मौसम विज्ञानियों ने आने वाले दिनों में कुछ शहरों में तापमान के 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का पूर्वानुमान जताया है। स्पेन और फ्रांस में बढ़ते तापमान का असर ब्रिटेन में भी महसूस किया जाने लगा है। मौसम विभाग चीन के कई शहर इन दिनों भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। भयंकर गर्मी से बचने के लिए लोग अंडरग्राउंड शेल्टर्स में शरण लेने लगे है। इसमें शंघाई, नानजिंग भी शामिल हैं। रेड अलर्ट एक थ्री टायर हीटवेव वार्निंग है।



चीन में मूसलाधार बारिश को लेकर ब्लू अलर्ट

चीन में भारी बारिश के बीच देश के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने देश के कुछ हिस्सों में आंधी तूफान के लिए ब्लू अलर्ट जारी किया है। 28 मई से हो रही मूसलाधार बारिश और बारिश के कारण आई बाढ़ ने 80 प्रांतों में कहर बरपा रखा है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, दक्षिण चीन के गुआंग्शी ज़ुआंग स्वायत्त क्षेत्र में, बाढ़ और भारी बारिश से 3.75 मिलियन से अधिक निवासी प्रभावित हुए हैं। चीन के जियांग्शी प्रांत में भारी बारिश के कारण कुल 548,000 लोग प्रभावित हुए हैं क्योंकि बाढ़ से प्रत्यक्ष आर्थिक नुकसान लगभग 70.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर (470 मिलियन युआन) तक पहुंच गया है।

अफगानिस्तान में 39 की मौत

अफगानिस्तान में बेमौसम बारिश और बाढ़ के कारण नौ बच्चों समेत 39 लोगों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय के अनुसार 14 अन्य लोग घायल हुए हैं। पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहार और नूरिस्तान में लगभग 500 परिवार प्रभावित हुए हैं और लगभग 800 हेक्टयर कृषि भूमि बर्बाद हो गई है।

# पत्नी की हत्या कर हंडे में उबाला शव,बच्चों के सामने वीभत्स घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार

**कराची , 14 जुलाई 2022।** पाकिस्तान के कराची शहर से वीभत्स मामला सामने आया है। शहर के गुलशन-ए-इकबाल इलाके में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद उसके शव को हंडे में उबाला। उसने अपने छह बच्चों के सामने इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया और फिर भाग निकला।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मृतका 32 साल की नरगिस का शव एक निजी स्कूल के रसोई घर में रखे बड़े बर्तन %हंडे% में मिला। यह स्कूल गुलशन-ए-इकबाल इलाके के ब्लॉक 4 में स्थित है। घटना की सूचना दंपती की 15 साल की बेटी ने पुलिस हेल्पलाइन को दी। इसके बाद मोबिना थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।

पूर्वी कराची के एसएसपी अब्दुर रहीम शेराजी ने बताया कि मृत महिला का पति आशिक बाजपुर का रहने वाला है। वह उक्त स्कूल का चौकीदार है और अपने परिवार के साथ स्कूल के क्वार्टर में ही रहता है।

**घटना से एसएसपी भी हैरान**



उन्होंने बताया कि यह स्कूल बीते आठ नौ माह से बंद पड़ा है। आरोपी चौकीदार इस वीभत्स घटना के बाद अपने तीन बच्चों के साथ फरार हो गया। तीन अन्य बच्चों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। एसपी शेराजी ने कहा कि इस घटना से वे भी हैरान हैं।

**पहले तकिये से गला दबाया फिर उबाला**

शुरुआती जांच और बच्चों के बयानों से पता चलता है कि संदिग्ध आरोपी ने पहले अपनी पत्नी को तकिये से गला दबाकर मार डाला और फिर उसे अपने बच्चों के सामने हंडे या देगची में उबाला। इस दौरान महिला का एक पैर भी शरीर से अलग हो गया था।

**अवैध संबंध बनाने से इनकार किया तो मार डाला**

घटना की असल वजह तो अभी पता नहीं चली है, लेकिन पाकिस्तानी अखबार द न्यूज के अनुसार पति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी को अन्य लोगों से संबंध बनाने को मजबूर किया। वह इसके लिए तैयार नहीं हुई तो उसकी हत्या कर दी। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

**11 साल पहले पति की हत्या कर अंगों को पकाया था**

पाकिस्तान में ऐसी ही घटना 11 साल पहले भी हुई। ताजा घटना ने उसकी याद दिला दी। नवंबर 2011 में एक महिला को उसके पति की हत्या करने और उसके शरीर के अंगों को पकाने की कोशिश की थी। महिला ने पति की हत्या दूसरी महिला से शादी करने की मंशा के चलते की थी। तब पुलिस ने 32 साल की जैनब बीबी और उसके 22 वर्षीय भतीजे जहीर को गिरफ्तार किया था। जैनब के पति अहमद अब्बास को दोनों ने मार डाला था। इसके बाद उसके शरीर के टुकड़े कर उसे पकाने वाले थे।

# नाबालिग को उठा ले गए,मुस्लिम युवक से कराया निकाह,हिंदुओं ने किया जरदारी हाउस का घेराव

**इस्लामाबाद, 14 जुलाई 2022।** पाकिस्तान में हिंदुओं पर जुल्म एक बार फिर बढ़ गए हैं। अब नवाशहर में 16 साल की एक लड़की का अपहरण कर उसका जबरन धर्मांतरण कराने और मुस्लिम युवक से शादी का मामला सामने आया है। इससे भड़के हिंदुओं ने पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के घर के बाहर प्रदर्शन कर ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाने व अपहृत हिंदू लड़की को मुक्त कराने की मांग की। पाकिस्तान में हिंदू लड़कियों के जबरन धर्मांतरण और अपहरण के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। इसमें बहुसंख्यक समाज की भी मौन सहमति साफ नजर आती है। नवाशहर की ताजा घटना से हिंदुओं में दहशत का माहौल है। अपहृत लड़की का नाम करीना बताया गया है। आरोप है कि छह दिन पहले अहमद शहर के उन्नार मोहल्ले से करीना का अपहरण किया गया। हालांकि पुलिस ने अपहरण के आरोप को नकारा है।



**एसएसपी बोले-अपहरण नहीं हुआ, लड़की भाग कर गई**

पूर्व राष्ट्रपति के घर के बाहर प्रदर्शन करने वालों का कहना है कि लड़की का अपहरण किया गया है, लेकिन नवाशहर के एसएसपी अमीर सउद मगसी का कहना है कि करीना का अपहरण नहीं हुआ, बल्कि वह मीर मोहम्मद गांव के खलील रहमान जोनो के साथ भाग गई है। उसने कराची की कोर्ट में खलील से शादी कर ली है। डॉन में छपी रिपोर्ट के अनुसार मगसी ने बताया कि सुंदरमल की शिकायत पर धारा 365-क्क के तहत खलील के पिता असगर जोनो को गिरफ्तार किया है। खलील और असगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उन्होंने खलील की शादी का कथित निकाहनामा भी साझा किया है। पुलिस के अनुसार करीना को अब सिंध हाई कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहां उससे पूछा जाएगा कि वह किसके साथ रहना चाहती है।

**हिंदू पंचायत ने एसएसपी का दावा खारिज किया**

उधर, हिंदू पंचायत के लाजपत राय ने पुलिस के दावे को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने केस दर्ज किया, लेकिन वह अपहृत लड़की को मुक्त नहीं करा रही है। उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया है।

CMYK

# क्या नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक के द्वारा जारी की जाने वाली तबादला सूची में निरीक्षकों को मिलेगा थाना ?

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।




» पटना व मनेंद्रगढ़ के थाने में क्या निरीक्षक होंगे थानेदार या उप निरीक्षक की होगी पदस्थापना।
» एक उप निरीक्षक पटना थाना आने की जुगत में जो पटना थाने में कई बार कर चुके हैं काम।
» उपनिरीक्षक जो पटना थाना आना चाह रहे उन पर पुलिस थाना पटना में रहते हुए लग चुका है आरोप।
» आरोप मामले में उच्च न्यायालय में चल रहा है उपनिरिक्षक पर प्रकरण।
» उपनिरीक्षक की पटना थाना प्रभारी बनने की है मंशा,लगातार देखे जा रहें हैं पटना में।
» पटना में राजनीतिक लोगों से संपर्क बनाकर आना चाहते हैं उपनिरीक्षक पटना थाना।
» जिले में कई निरीक्षक लाइन में सम्हाल रहें हैं जिम्मेदार,क्या उन्हें मिलेगा थाना।

नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक के पदभार ग्रहण करते ही लोगों द्वारा यह कयास लगाया जा रहा है कि नए पुलिस अधीक्षक द्वारा अपना कार्यभार ग्रहण करने उपरांत जिले के कई थानों के थानेदार बदले जाएंगे और वह ऐसे थानेदार हैं जो कई वर्षों से एक ही पुलिस थाने में पदस्थ हैं। थानेदारों को बदलकर नए पुलिस अधीक्षक अपने अनुसार जिले की पुलिसिंग तय करेंगे यह भी कयास लगाया जा रहा है अब क्या निरीक्षकों को थानेदार का पद मिलेगा या फिर पुराने ढर्रे पर ही जिले का पुलिस विभाग चलेगा और उपनिरीक्षक थाने में थानेदार बनने के लिए जोर आजमाइश करेंगे और निरीक्षक फिर से लाइन में ही नजर आएंगे। यदि नए पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में पदस्थ और उपलब्ध निरीक्षकों को थानों की जिम्मेदारी दी जाती है तो ऐसे में कई नामचीन थानों में थानेदार बनने का ख्वाब लिए बैठे उपनिरीक्षक पर भारी पड़ सकता है पुलिस अधीक्षक का निर्णय। लाइन में बैठे निरीक्षक जिन्हें पुलिस थाने नहीं मिल पा रहें हैं उनको लेकर पूर्व में पुलिस महानिदेशक का एक फरमान भी जारी हुआ था जिसमें यह कहा गया था कि निरीक्षकों के होते हुए उप निरीक्षकों को थाना का प्रभार नहीं दिया जाएगा। ऐसे में सबसे चर्चित मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना, पटना पुलिस थाना जहां जिले में निरीक्षकों के रहने उपरांत उप निरीक्षक थानेदार बनकर बैठे हैं क्या स्थानांतरण के बाद जिले में पदस्थ हुए थानेदारों को यहां का पदभार मिलेगा और वह थानेदार इन पुलिस थानों के बन सकेंगे यह देखने वाली बात होगी। कुछ उप निरीक्षक जो अच्छे थानों का स्वाद चख चुके हैं क्या उन्हें अब जंगल के थानों की ओर भेजा जाएगा ताकि उधर का भी स्वाद वाह चख सकें यह भी नए पुलिस अधीक्षक के तबादला सूची से स्पष्ट होगा।

### जिले में पदस्थ हैं निरीक्षक,फिर भी उप निरीक्षकों के भरोसे बड़े पुलिस थाने

जिले में निरीक्षकों की कमी नहीं है फिर भी बड़े पुलिस थानों में उप निरीक्षक ही थाना प्रभारी बने हुए हैं। जिले में कुछ उप निरीक्षक ऐसे हैं जिनकी विभागीय पकड़ और राजनीतिक पकड़ इतनी ऊंची है कि उन्हें कोई न कोई बड़ा पुलिस थाना ही प्रभार स्वरूप मिल जाता है जबकि निरीक्षक लाइन में ही समय काट रहे हैं। जुगाड़ और सेटिंग से उप निरीक्षक लंबे समय से जिले में थानेदारी कर रहें हैं और नए पुलिस अधीक्षक से उम्मीद होगी कि वह निरीक्षकों को पुलिस थाना जरूर प्रदान करेंगे।

### पुलिस थाना पटना के प्रभार के लिए दौड़ लगाते देखे जा रहें हैं एक उप निरीक्षक

पुलिस थाना पटना जिले के बड़े पुलिस थानों में से एक है और यह क्षेत्र अवैध कारोबार का गढ़ भी है, कोयला सहित नशीली दवाइयों का व्यवसाय इस पुलिस थाना क्षेत्र में बड़ी मात्रा में होता है। पूर्व पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह जिन्होंने नशा मुक्ति अभियान निजात को जिले में आरंभ कर नशे के कारोबारियों पर कार्यवाही करना प्रारंभ किया था तो सबसे ज्यादा इसी क्षेत्र से गिरफ्तारी हुई थी। अब इस थाने में खुद की पदस्थापना के लिए एक उप निरीक्षक परेशान नजर आ रहें हैं और वह हर संभव प्रयास कर रहें हैं ऐसी सूचना मिल रही है। पुलिस थाना पटना में अपनी पदस्थापना के लिए वह लगातार पटना पहुंच रहें हैं और राजनीतिक लोगों से मुलाकात कर रहें हैं यह भी देखा जा रहा है। जुगाड़ में माहिर उक्त उप निरीक्षक को पुलिस थाना पटना किसी भी तरह प्रभार में चाहिये यह खबरें सामने आ रहीं हैं और वह जुगाड़ में लगे हुए है।

### थाना पटना में तिबारा आनने की इच्छा रखने वाले उक्त उप निरीक्षक पर लग चुका है आरोप,पूर्व में हो चुका है थाने का घेराव

पुलिस उप निरीक्षक के रूप में जिले के एक थाने के प्रभार में काम कर रहे उक्त उप निरीक्षक पर पूर्व में पुलिस थाना पटना में रहते हुए आरोप लग चुका है और वह मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है और उसी मामले में पुलिस थाना पटना के घेराव हो चुका है ऐसे में क्या पुनः उनकी पदस्थापना पुलिस थाना पटना में की जाती है या नहीं यह पुलिस अधीक्षक तय करेंगे, लेकिन उप निरीक्षक अपने स्तर पर पूरा प्रयास कर रहें हैं यह बात सुनी ज रही है।

### मनेन्द्रगढ़ व पुलिस थाना पटना में थानेदार बने बैठे हैं उप निरीक्षक

वर्तमान में जिले के दो बड़े पुलिस थानों में उप निरीक्षक अपने जुगाड़ से थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सम्हाल रहें हैं। पुलिस थाना पटना और मनेन्द्रगढ़ व पटना में प्रभारी उप निरीक्षक हैं और लंबे समय से दोनों जमे हुए हैं।

### मनेंद्रगढ़ व पटना पुलिस थाना क्षेत्र में जारी है अवैध कार्य

जिले के दोनों पुलिस थानों पटना और मनेंद्रग में अवैध कारोबार जारी है और अपने कार्यकाल के दौरान दोनों उप निरीक्षक जो वर्तमान में पदस्थ हैं अवैध कारोबार नहीं रोक सके हैं ऐसे में इन थानों की जिम्मेदारी अब किसी निरीक्षक को देने की जरूरत है ऐसा लोगों के मानना है। अब नए पुलिस अधीक्षक क्या निर्णय लेते हैं यह तबादला सूची जारी होने उपरांत पता चल सकेगा।

## आल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन ने पाण्डवपारा कालरी के सामने आयोजित की आम सभा

**15 जून से 15 जुलाई तक समस्त कोयला उद्योग में फेडरेशन का आंदोलन जारी है**

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।



आल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन ने विगत दिवस को एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के सहक्षेत्र झिलमिली के पाण्डवपारा कोयला खदान के सामने आमसभा का आयोजन किया एवम आमसभा को संबोधित कंपनी सेफ्टी बोर्ड के मेम्बर इंद्रदेव चौहान व जेबीसीसीआइ सदस्य जे एस सोढ़ी ने किया।
इन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि केंद्र सरकार बीसीसीएल, सीएमपीडीआई और ईसीएल को कोल इंडिया से अलग करने की साजिश रच रही है। इस दिशा में कदम बढ़ाया जा चुका है। बीसीसीएल का 25 प्रतिशत हिस्से सा इसी साजिश के तहत बेचा जा रहा है। इसके बाद ईसीएल और सीएमपीडीआई का शेयर बेचा जाएगा। 15 जून से 15 जुलाई तक चलने वाले इस आंदोलन में आल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन की मांग है कि जेबीसीसीआइ का समझौता जल्द किया जाए। मिनिमम गारंटी बेनिफिट प्रस्ताव 3 प्रतिशत देकर कोयला श्रमिको का अपमान बंद करे सरकार। बीसीसीएल,ईसीएल,सीएमपीडीआई को कोल इंडिया से अलग करने का प्रस्ताव वापस ले सरकार। एन एस पी के तहत कोल इंडिया के 160 खदानों के निजी हांथो में देने की योजना बंद की जाए और यदि सरकार और कोल इंडिया तानाशाही रवैया इसी तरह अपनाए रहती है तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## तीन ठेकेदारों के यहां आयकर विभाग का छापा

-राजा मुखर्जी-
कोरबा 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।




जिले के तीन ठेकेदारों के यहां केंद्रीय आयकर विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई की । वही आईटी विभाग की टीम ने पहले एक निजी कंपनी,पावरमेक के हैदराबाद स्थित मुख्यालय में छापा मारा था। जिसके बाद इस कंपनी में कार्य करने वाली जिले के ठेकेदारों का लिंक मिलने के बाद उनके जिले में स्थित घर व कार्यालय में आईटी विभाग की टीम ने दबिश दी और कार्यवाही भी किया। वही दिनभर आईटी विभाग की टीम ने ठेकेदारों के घर व कार्यालय में दस्तावेज खंगालती रही। देर शाम तक टीम की कार्रवाई जारी रही, वहीं जिले में एक साथ तीन ठेकेदारों के यहां आईटी टीम द्वारा छापा मारने की खबर फैलते ही हड़कंप मच गया। उल्लेखनीय है कि, कुछ दिन पूर्व जिले में एक कोल् ट्रांसपोर्टर के यहां आईटी की टीम ने छापामार कार्यवाही की थी। वहीं एक बार फिर जिले में आईटी विभाग की कार्यवाही देखने को मिला ढ्ढ आईटी विभाग की 10 सदस्य टीम ने रवि शंकर नगर के विजय अपार्टमेंट के क्वार्टर नंबर सी 203 निवासी ठेकेदार दीपक ठाकुर के घर दबिश दी,वही इस दौरान केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान भी मौके पर मौजूद थे कार्यवाही के दौरान घर के किसी भी सदस्य को बाहर नहीं निकलने दिया गया और ना ही बाहर के किसी व्यक्ति को अंदर दाखिल होने दिया गया ढ्ढ घंटों तक आईटी विभाग की टीम दस्तावेजों को खंगालती रही। वही टीम द्वारा कई दस्तावेजों को जब्त किया गया है। इसी तरह दर्री निवासी ठेकेदार कशीमुल्लाह और कोसाबाड़ी निवासी ठेकेदार एके सिन्हा के यहां की आईटी विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई की है ढ्ढ वही दोनों ठेकेदार के मकान में आईटी विभाग की टीम ने घंटों निरीक्षण कर दस्तावेज खंगाले है ढ्ढ सूत्रों की मानें तो पावरमेंक नामक एक निजी कंपनी के हैदराबाद स्थित मुख्यालय में हुई छापा मार कार्यवाही से इसे जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल पावरमेक ने जिले में संचालित निजी विद्युत संयंत्रों में काम किया है। वही इस दौरान उक्त ठेकेदारों ने भी पावरमेक के साथ काम किया है ढ्ढ यही वजह है कि पावर मेक कंपनी में पड़े छापा के बाद लिंक मिलने के बाद उक्त ठेकेदार के यहां छापामार कार्रवाई की गई ।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाला गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-
कोरबा 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।



जिले में नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के द्वारा पदस्थापना के दौरान ही महिलाओं के ऊपर घटित अपराध में प्राथमिकता से कार्यवाही करने हेतु सर्व थाना चौकी प्रभारीगण को निर्देशित किया गया है । दिनांक 12/7/2022 पीड़िता ने लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई की घटना दिनांक अक्टूबर 2017 से 14 अप्रैल 2022 के मध्य में आरोपी हरीश कुमार सूर्यवंशी के द्वारा स्कूल में पढ़ाई के दौरान पहले बलत्कार किया फिर शादी करने का झांसा देकर दैहिक शोषण करता आ रहा है ,फिर शादी से इन्कार कर दिया । मामले में धारा 376 भादवि एवं 4,6 पोक्सो एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक योगेश साहू द्वारा मामले के आरोपी को तत्काल गिरफ़्तार करने हेतु निर्देशित किया गया ढ्ढ मानिकपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी हरीश कुमार सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया ।

## ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने राष्ट्रीय वाटरशेड सम्मेलन का किया शुभारंभ



-नगर संवाददाता-
कोरबा 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने कोरबा प्रवास के दौरान कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से दीप प्रज्ज्वलन कर राष्ट्रीय वाटरशेड सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्य कार्यक्रम संसाधन विभाग, भारत सरकार द्वारा प्लेनरी हॉल विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा था इस दौरान कलेक्टर संजीव झा एवं सभी प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद थे।

## चोरी का कार बेचने निकला युवक को रामपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार,रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर मालिक की तलाश

-नगर संवाददाता-
कोरबा 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।



पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा अवैध एवं अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने हेतु समस्त थाना/ चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है । निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व एवं नगर पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के पर्यवेक्षण में सभी थाना /चौकी प्रभारी लगातार कार्य कर रहे हैं । दिनांक 14 जुलाई 2022 को रामपुर चौकी प्रभारी उप निरी कृष्णा साहू को सूचना मिली की निहारिका स्थित ब्लू बर्ड स्कूल के पास एक व्यक्ति अल्टो कार बेचने की फिराक में घूम रहा है ढ्ढ सूचना पर तत्काल अल्टो कार में सवार व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम लक्ष्मी प्रसाद सोनी पिता स्वर्गीय भागवत प्रसाद सोनी निवासी गोपालपुर स्कूल पारा थाना दर्री जिला कोरबा का होना बताया, कार का रजिस्ट्रेशन नंबर CG–05–O–5900 लिखा था । आरोपी से कार का कागजात मांगे जाने पर कागजात पेश नहीं कर सका आरोपी लक्ष्मी प्रसाद सोनी के पास से बरामद अल्टो कार क्रमांक CG–05–O–5900 चोरी का होने की संभावना पर धारा 41(14) जा फौ के अंतर्गत गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया । रजिस्ट्रेशन नंबर , इंजन नंबर एवं चेचिस नंबर के आधार पर वाहन स्वामी की तलाश रामपुर पुलिस द्वारा की जा रही है ।

## राशन कार्ड बनवाने का काम दिलाने का झांसा देकर 15 लाख रूपये ठगी करने वाले 2 आरोपियों को सूरजपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-
सूरजपुर 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।



मंगलवार को मनेन्द्रगढ़ रोड़ सूरजपुर निवासी विष्णु अग्रवाल ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 माह पूर्व मनोरा जशपुर निवासी दानिश जेया उर्फ विक्की व भट्ठीपारा बैकुण्ठपुर निवासी कुनाल गुप्ता के द्वारा कलकत्ता पश्चिम बंगाल में राशन कार्ड बनाने का काम दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए 15 लाख रूपये लिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सूरजपुर में आरोपियों के विरूद्ध धारा 420,34 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने आरोपियों को दबिश देकर जल्द पकड़ने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। थाना सूरजपुर की पुलिस ने अम्बिकापुर में घेराबंदी कर दानिश जेया उर्फ विक्की पिता शेख मोहम्मद अली उम्र 32 वर्ष निवासी मनोरा, जशपुर तथा बैकुण्ठपुर में घेराबंदी कर कुनाल गुप्ता पिता दिनेश गुप्ता उम्र 24 वर्ष निवासी भट्ठीपारा बैकुण्ठपुर को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने धोखाधड़ी को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपियों ने बताया कि उनके द्वारा रायपुर में भी लोगों के साथ राशन कार्ड बनवाने का काम दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी किया गया है। मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। पुलिस के द्वारा आरोपियों के बैंक खातों की जांच की जा रही है।

## युवक को मिली संजीवनी

-नगर संवाददाता-
सूरजपुर 14 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।वकया धर्मपुर की है।जहाँ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवभजन मरावी अम्बिकापुर जा रहे थे इसी दौरान बाइक से जा रहे एक युवक को चलती गाड़ी में एक फनिक सांप ने डस लिया और उसके पैरों में लिपटा रहा जिसे देख मानवता दिखाते हुए न केवल सांप के चंगुल से युवक मुक्त कराया बल्कि फ़ौरन युवक को अपनी कार से लेकर प्रतापपुर अस्पताल भागे जहाँ चिकित्सको की मदद से युवक की जान बच गई।जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के इस इंसानियत पैरोकार की पूरे इलाके में सराहना हो रही है। पीड़ित युवक कल्याणपुर का रामसुख बताया गया है।इस मामले के बाद लोगो से बाइक में सवार होने के पूर्व पूरी सावधानी बरतने की अपील की गई है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भजन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष कुंदन मिश्रा लालू खान पिंटू स्वर्ण विश्वकर्मा सभी लोग उपस्थित रहे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) खड़गवां,जिला-कोरिया,छ.ग.**

//उद्घोषणा//

रा.प्र.क्र./31/अ-2/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम करवां तहसील खड़गवां जिला कोरिया छ0ग0 को सूचित किया जाता है कि आवेदक देव सिंह आ0 रामभरोस जाति गोड़ निवासी ग्राम करवां थाना व तहसील खड़गवां जिला कोरिया (छ0ग0) द्वारा स्वयं की स्वामित्व की भूमि ग्राम करवां तहसील खड़गंवा जिला कोरिया छ0ग0 स्थित खसरा नं0 203 रकबा 0.08 हे0 भूमि आवासीय प्रयोजन के लिए भू-व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र,नक्शा, खसरा बी-1 मिसल अभिलेख रिनम्बरिंग सूची, रजिस्ट्री की छायाप्रति, पंचायत का अनापत्ति पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त भू-व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनां 15/07/2022 को सायं 5:00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते हैं, निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नही होगी। आज दिनांक 01/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा के अधीन जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.)खड़गंवा,जि.-कोरिया

**न्यायालय तहसीलदार दरिमा,सरगुजा (छ0ग0)**

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.../ब-121/2021-22

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक शिवराम टोप्पों आ0 मदरू टोप्पो साकिन कल्याणपुर तहसील दरिमा जिला सरगुजा के द्वारा अपने दादी स्व0 मुनगी टोप्पो की मृत्यु दिनांक 25/04/2013 को निवास स्थान ग्राम कल्याणपुर (घर में) थाना दरिमा तहसील दरिमा जिला सरगुजा में हो गया है तथा आवेदक द्वारा मृत्यु का पंजीयन अज्ञानता के कारण नही कराया गया है। मृत्यु का पंजीयन करते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन न्यायालय में पेश किया गया है। आवेदन के साथ स्वयं का शपथ पत्र, ग्राम पंचायत का अनउपलबता प्रमाण पत्र निर्वाचन नामावली की छायाप्रति पेश किया गया है, जो न्यायालय में विचारधीन है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 22/08/2022 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/07/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार दरिमा,सरगुजा

**न्यायालय नजूल अधिकारी,अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

रा0प्र0क्रं0 /अ-20(3)/2021-22

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सहाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जीत कौर पत्नी निर्मल सिंहआयु लगभग- .... वर्ष जाति-सिक्ख, निवासी मोहल्ला-भठ्ठी रोड केदारपुर, नगर अम्बिकापुर, थाना व तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व और आधिपत्य की मोहल्ला-केदारपुर, अम्बिकापुर में स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 1981/1, रकबा-0.27 3/4 एकड़ भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख में उनके स्वयं (भू-धारक श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री रामबली सोनी उर्फ राम बली कश्यप, निवासी-गुदरी चौक अम्बिकापुर) के नाम पर अंकित है, में से रकबा-0.19 एकड़ भूमि को अपने निजी कार्यो (इलाज हेतु) से रूपयों की आवश्यकता होने के कारण आवेदिका श्रीमती प्रकाश कौर अर्धांगिनी जफर खान, आयु लगभग-65 वर्ष, जाति- .... निवासी मोहल्ला-बौरीपारा, नगर अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 को सदादिन के लिये विक्रय करना चाहती है, के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/07/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/07/2022 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जानकी राजवाड़े स्व राजाराम राजवाड़े निवासी घंघरी थाना तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (पति)स्व0 राजाराम राजवाड़े आ0 उदयराम राजवाड़े मृत्यु की दिनांक 20/02/2010 को स्थान निवास में हुई है। आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयन नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 04/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0- /ब-121/2021-22

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवनाथ सिंह आ0 स्व0 टेकनाथ सिंह जाति मझवार निवासी ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नम्बर 185/1 रकबा 0.158 हे0 भूमि में से रकबा 10 डिसमिल भूमि को अनावेदिका रजन्ती केरकेट्टा पत्नी अजय केरकेट्टा जाति उरांव निवासी ग्राम नकना बतौली जिला सरगुजा छ0ग0 के पास राशि रूपए 15,00,000/-में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी रा0 अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है,जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 22/07/2022के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 02/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भगवान दास स्व0 गंगादास निवासी रामपुर थाना तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (माता)स्व0 शांति बाई आ0/पत्नि स्व0 गंगादास मृत्यु की दिनांक 10/03/2018 को स्थान निवास में हुई है। आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयन नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 07/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202207020700021**

विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2021-2022
अम्बिकापुर प .ह.न. 00015 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-संदीप केशरी,
अनवेदक पक्षकार- छ0ग0 शासन

ईश्तहार

आवेदक संदीप केशरी आ0स्व0 नाथुन प्रसाद व अन्य निवासी ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नम्बर 2330/3, 2331/6, 2331/26, 2340/6 रकबा 0.008, 0.012, 0.012, 0.004 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों से स्व0 कुन्ती देवी का नाम विलोपित कर फ ौती नामांतरण दर्ज किए जाने बाबत आवेदन पेश किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05.08.2022 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/07/2022 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)


CMYK

# वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान

## रोहित शर्मा कप्तान,विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को आराम

**नई दिल्ली,14 जुलाई 2022।** इंग्लैंड दौरे के बाद टीम इंडिया वेस्टइंडीज के दौरे पर जाएगी। वेस्टइंडीज दौरे पर टीम इंडिया को 5 टी20 मुकाबले और तीन एकदिवसीय मुकाबले खेलने हैं। आज टी-20 मुकाबलों के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका है। सबसे अच्छी बात यह है कि वेस्टइंडीज दौरे के लिए रोहित शर्मा उपस्थित रहेंगे। हालांकि विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को इसी दौरे पर आराम दिया गया है। विराट कोहली को लेकर काफी समय से यह कयास लगाए जा रहे थे कि शायद ही वेस्टइंडीज दौरे पर मौजूद रहेंगे। यह साफ हो गया है कि विराट कोहली वेस्टइंडीज दौरे पर मौजूद नहीं रहेंगे।

वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम में बहुत ज्यादा बदलाव किया गया है। आर अश्विन, केएल राहुल और कुलदीप यादव को टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, 18 सदस्य टीम में उमरान मलिक को जगह नहीं मिली है। 18 सदस्य टीम में शामिल केएल राहुल और कुलदीप यादव फिटनेस पर अभी भी संशय है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 टी-20 आई के लिए भारत की टीम- आर शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, केएल राहुल*, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, दिनेश कार्तिक, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, आर अश्विन, रवि बिश्नोई , कुलदीप यादव, भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह।

### वेस्टइंडीज़ के खिलाफ टी-20 सीरीज

29 जुलाई, पहला टी-20
1 अगस्त, दूसरा टी-20
2 अगस्त, तीसरा टी-20
6 अगस्त, चौथा टी-20
7 अगस्त, पांचवां टी-20

### वनडे श्रृंखला में भारत के कप्तान होंगे धवन

नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में शिखर धवन को त्रिनिदाद के पोर्ट ऑफ स्पेन में 22 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये बुधवार को भारतीय टीम का कप्तान चुना गया



जबकि विराट कोहली और ऋषभ पंत उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें विश्राम दिया गया है।

**टीम इस प्रकार है :-**
शिखर धवन (कप्तान), रविंद्र जडेजा (उप कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, इशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह।

## पाकिस्तान को पछाड़कर भारत वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचा



**दुबई ,14 जुलाई 2022।** इंग्लैंड पर 10 विकेट की बड़ी जीत के बाद भारत, पाकिस्तान से आगे निकलकर वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गया है। भारत के पास अब पाकिस्तान (106 अंक) से दो अंक अधिक 108 रैंकिंग अंक हैं। हालांकि भारत को यह बढ़त बरकरार रखने के लिए सीरीज़ के दो में से कम से कम एक मैच जीतने होंगे। न्यूज़ीलैंड 126 अंकों के साथ पहले और इंग्लैंड 122 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ घरेलू ज़मीन पर 3-0 से सीरीज़ जीतने के बाद पाकिस्तान, भारत को पछाड़कर तीसरे स्थान पर आ गया था। भारत को अगले 15 दिनों में इंग्लैंड के ख़िलाफ़ दो और वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ तीन वनडे मैच खेलने हैं। ऐसे में वह अपनी बढ़त को और बढ़ा सकता है।

हालांकि इस बीच विराट कोहली की फ़िटनेस पर सवाल उठ रहे हैं और पहले मैच में अनुपस्थित रहने के बाद उनके लॉर्ड्स वनडे में भी खेलने पर संदेह है। जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह ओवल वनडे नहीं खेल पाए थे। बीसीसीआई के अनुसार उन्हें यह खिंचाव नॉटिंघम में खेले गए तीसरे टी20 मैच के दौरान आया था। ओवल वनडे के बाद प्रेस कॉन्फ़्रेंस में जब प्लेयर ऑफ़ द मैच जसप्रीत बुमराह से कोहली की चोट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि अभी कोहली का चोट कैसा है और वह कब तक इससे उबरेंगे। भारत को इसके बाद वेस्टइंडीज़ का दौरा करना है, हालांकि कोहली दौरे की वनडे सीरीज़ का हिस्सा नहीं हैं। टी20 मैचों के लिए अभी टीम की घोषणा होनी बाक़ी है।

## विम्लबडन 2023 में भी लग सकता है रूसी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध




**मॉस्को ,14 जुलाई 2022।** विम्बलडन अधिकारी यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान के समाप्त न होने की स्थिति में रूसी खिलाड़ियों को 2023 चैंपियनशिप से प्रतिबंधित करने पर विचार कर रहे हैं। अंतरराष्टीय ओलंपिक समिति की रूसी एथलीटों को 2024 क्वालीफायर से प्रतिबंधित करने की योजना ने ऑल इंग्लैंड क्लब और लॉन टेनिस एसोसिएशन के इरादों को और मज़बूत किया है। ऑल इंग्लैंड क्लब और लॉन टेनिस एसोसिएशन ने विम्बलडन 2022 में भी रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाया था, जिसके कारण पुरुषों के टेनिस संगठन एटीपी और महिलाओं के डब्ल्यूटीपी ने इस साल के आयोजन से विश्व रैंकिंग पॉइंट हटा लिये थे। डब्ल्यूटीए ने दोनों आयोजकों पर संयुक्त 10 लाख डॉलर का जुर्माना भी लगाया था। अगले साल होने वाले टूर्नामेंट में प्रतिबंध पर फैसला मार्च से पहले नहीं आयेगा।

## संकट के बीच श्रीलंका पहुंची पाकिस्तान की टीम,खेले जाएंगे दो टेस्ट मैच

**कोलंबो ,14 जुलाई 2022।** श्रीलंका में इस वक्त हालात बदतर होते जा रहे हैं। श्रीलंका आर्थिक तंगी से गुजर रहा है। वहां राजनीतिक संकट का दौर अपने चरम पर है। श्रीलंका के आम लोग लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि, अच्छी खबर यह है कि श्रीलंका में द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज लगातार खेली जा रही है। हाल में ही ऑस्ट्रेलिया का दौरा खत्म हुआ था। अब पाकिस्तान की टीम दो टेस्ट मैच खेलने के लिए श्रीलंका पहुंच चुकी है। इसको लेकर पाकिस्तान क्रिकेट की ओर से एक वीडियो भी साझा किया गया है। इस वीडियो में श्रीलंका दौरे पर पहुंचे सभी खिलाड़ी फुटबॉल खेलते नजर आ रहे हैं। खिलाड़ी काफी खुश दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में पाक कप्तान बाबर आजम भी अपने टीम के साथी खिलाड़ियों के साथ मौजूद हैं।

आपको बता दें कि श्रीलंका में राजनीतिक उठापटक के बीच इमरजेंसी की घोषणा की गई है। ऐसे में माना जा रहा था कि इसका असर क्रिकेट के मैदान पर भी पड़ सकता है। लेकिन पाकिस्तान की टीम 16 जुलाई से गॉल में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला खेलेगी। इसके अलावा दूसरा टेस्ट मैच 24 जुलाई से कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। अगर श्रीलंका में क्रिकेट लगातार



होती रही तो एशिया कप को लेकर जो आशंकाएं जताई जा रही है, वह खत्म हो जाएगी। इस बार एशिया कप श्रीलंका में होनी है। लेकिन वहां के हालात की वजह से कई आशंका जताई जा रही है। श्रीलंका में एशिया कप पर बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने आज ही कहा था कि मैं फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं कर सकता। हम निगरानी रखेंगे। ऑस्ट्रेलिया इस समय वहां खेल रहा है। श्रीलंकाई टीम वास्तव में बहुत अच्छा कर रही है। तो एक महीने का इंतजार करते हैं।

**हमारी मेजबानी के लिए शुक्रिया श्रीलंकाः वार्नर**

ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने 'बेहद मुश्किल समय' में टीम की मेजबानी के लिए श्रीलंका का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि वह इस दौरे को कभी नहीं भूल पायेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महीने भर चली श्रृंखला के लिए प्रशंसक बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे। बायें हाथ के इस बल्लेबाज ने इंस्टाग्राम पर श्रीलंका के लोगों और प्रशंसकों के लिए एक भावनात्मक संदेश पोस्ट किया। वार्नर ने लिखा कि मुश्किल समय में हमारी मेजबानी करने के लिए शुक्रिया श्रीलंका। हम यहां आने और जिस खेल से प्यार करते हैं उस खेल को खेलने का मौका मिलने के लिए बहुत आभारी हैं। हम जानते हैं कि आप सभी को खेल का समर्थन करना पसंद है।

## कैप्सूल गिल से सामने आया अक्षय का पहला लुक,पगड़ी-दाढ़ी में जंचे सुपरस्टार

अक्षय कुमार को आप सभी जल्द कई धमाकेदार फिल्मों में देखने वाले हैं। जी दरअसल इन दिनों अक्षय अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरु कर चुके हैं, और यह शूटिंग लंदन में की जा रही है। काफी लंबे समय से इस फिल्म के बारे में चर्चा चल रही थी, लेकिन आधिकारिक तौर पर कोई घोषणा नहीं की गई थी। आप सभी को बता दें, फिल्म से अक्षय कुमार का फर्स्ट भी सामने आ चुका है जो धमाकेदार है। जी दरअसल पूजा एंटरटेनमेंट के साथ यह अक्षय कुमार की तीसरी फिल्म होगी और फिलहाल फिल्म का टाइटल फाइनल नहीं हुआ है। हालाँकि हम आपको यह बता दें कि यह चीफ कोल माइनिंग इंजीनियर जसवंत सिंह गिल पर आधारित होगी, जिन्होंने 64 लोगों की जान बचाई थी।



इस फिल्म के निर्देशन का जिम्मा संभाला है टीनू सुरेश देसाई ने, जो इससे पहले अक्षय कुमार स्टारर फिल्म रूस्तम भी निर्देशित कर चुके हैं। सामने आने वाली रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म का नाम कैप्सूल गिल होगा, लेकिन इस बारे में कोई ऑफिशियल बयान नहीं दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ वाशु भगनानी के साथ अक्षय कुमार इससे पहले बेल बॉटम बना चुके हैं, वहीं इस जोड़ी की दूसरी फिल्म है बड़े मियां छोटे मियां, जिसमें टाइगर श्रॉफ भी हैं। हालाँकिइस समय फिल्म से अक्षय कुमार लुक रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर काफी ट्रेंड में बना हुआ है।

आप सभी को बता दें कि इस लुक के बाद दर्शक फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हो चुके हैं। इस फिल्म की कहानी माइनिंग इंजीनियर जसवंत सिंह गिल के जीवन की एक घटना पर आधारित है, जब उन्होंने 1989 में पश्चिम बंगाल की रानीगंज कोल फील्ड में फंसे 64 खान मजदूरों की जान बचाई थी। एक मशहूर वेबसाइट के मुताबिक, लंदन में फिल्म की शूटिंग के लिए प्रोडक्शन कंपनी ने 100 एकड़ एरिया कवर किया हुआ है और कहा जा रहा है कि यह फिल्म यूके में फिल्माई जाने वाली सबसे बड़ी इंडियन प्रोडक्शन फिल्म होगी। फिल्म की शूटिंग अगस्त के अंत तक चलेगी।



## रसिका दुग्गल ने शुरू किया 'मिजार्पुर 3' पर काम

'मिर्जापुर' में बीना त्रिपाठी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री रसिका दुग्गल ने वेब-सीरीज के तीसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है।

अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट कर नेटिजन्स को सूचित किया कि ,उन्होंने उस श्रृंखला के लिए काम करना शुरू कर दिया है जो एक पंथ का अनुसरण करती है।रसिका कहती हैं, मैं कलाकारों के साथ फिर से जुड़ने के लिए उत्सुक हूं और मुझे खुशी है कि गुरमीत इस सीजन में भी हमें निर्देशित कर रहे हैं। एक ऐसे निर्देशक का होना आश्वस्त करता है जो कहानी के पात्रों और दुनिया को अंदर और बाहर जानता है। परंतु दिव्येंदु और कुल जी की कमी खलेगी!

मिर्जापुर सीजन 3 में पंकज त्रिपाठी, कुलभूषण खरबंदा, अली फजल, श्वेता त्रिपाठी, विजय वर्मा और ईशा तलवार भी हैं।

यह फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस, एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा समर्थित है।

रसिका की आने वाली परियोजनाओं में 'अधुरा', 'स्पाइक', 'दिल्ली क्राइम सीजन 2', 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' और 'फेयरी फोक' शामिल हैं।0

## विजय देवरकोंडा ने लाइगर के नए गाने में दिखाया अपना जादू



अपने शानदार पोस्टर के चर्चा में आने के कुछ ही दिनों बाद, विजय देवरकोंडा अपनी नवीनतम फिल्म लिगर के नए गाने अकड़ी पकड़ी में अपने डांस मूव्स से चारों ओर तापमान बढ़ा रहे हैं। अपने सोशल मीडिया पर ले जाते हुए, अभिनेता ने आखिरकार सुपर ग्रूवी और फुट टैपिंग डांस नंबर जारी किया, साथ ही इसमें एक बेहतरीन कैपशन भी दिया। गाने में तेजतर्रार स्टार की ऊर्जा संक्रामक है क्योंकि वह उत्साह से बीट्स को सहजता से मिलाता है। देवरकोंडा इस मासी डांस नंबर के माध्यम से फैंस के बीच बहुत प्यारी जगह बना ली है।

कुछ दिनों पहले 2 जुलाई को जारी किए गए आकर्षक लुक लिगर के आखिरी पोस्टर ने पूरे देश में काफी हलचल मचा दी थी, रिकॉर्ड स्थापित करते हुए यह सबसे तेजी से 1 मिलियन लाइक्स पाने वाला पहला पोस्टर बन गया था। विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे स्टारर यह फिल्म पूरे भारत में 25 अगस्त को बड़े पर्दे पर आएगी।

## ओटीटी ने मेरे करियर को बदल दिया : मंजरी फडनीस



हाल ही में रिलीज हुए अपने दो शो 'मासूम' और 'मिया बीवी और मर्डर' (एमबीएम) के बाद, जिसने उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित करने और अपने काम के लिए सराहना अर्जित करने का मौका दिया है, मंजरी फडनीस का कहना है कि आखिरकार, वह एक कलाकार के रूप में संतुष्ट महसूस कर रही हैं। 2008 में फिल्म 'जाने तू या जाने ना' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि फिल्म की सफलता के बाद वह सबसे लंबे समय तक टाइपकास्ट हो रही थी और उसे अपने शिल्प के साथ बढ़ने का वास्तविक अवसर कभी नहीं मिला।

मंजरी ने कहा, ज्यादातर कास्टिंग निर्देशकों द्वारा मुझे एक खास तरह की टाइपकास्टिंग का सामना करना पड़ रहा था। मुझे हमेशा अच्छे, नेक्स्ट-डोर किरदार, एक अमीर लड़के की प्रेमिका आदि की पेशकश की गई थी।

लेकिन मेरा कहना था, अगर यह मेरे लुक के बारे में है, तो एक मेकअप कलाकार इसे बदल सकता है। मैं एक अभिनेत्री हूं इसलिए मुझे अपने कौशल को साबित करने का मौका चाहिए। मैं हमेशा कुछ ऐसे चरित्र के रूप में अभिनय करना चाहता था जो तीव्र या बिल्कुल विपरीत हो। मैं वास्तविक जीवन में हूं। मैं सबसे लंबे समय से घुटन महसूस कर रही थी। हालांकि बीच-बीच में वह हिंदी, मराठी और दक्षिण भारत की फिल्मों में काम करती रहीं, लेकिन मंजरी के अनुसार, यह 2019 से बदलना शुरू हुआ जब उन्होंने वेब फिल्म 'बारोट हाउस' के लिए साइन अप किया।

उन्होंने कहा, उस फिल्म और हमारे निर्देशक बग्स भार्गव ने मेरे लिए खेल बदल दिया और निश्चित रूप से, मैं इसके लिए आभारी हूं। लेकिन मैंने यह भी उल्लेख किया कि यह ओटीटी शो और फिल्मों के कारण है कि हम जैसे अभिनेताओं को आखिरकार हमारा हक मिल रहा है। क्या यह मैं हूं, प्रतीक (गांधी), अमित (साध) जो कम उम्र से ही इंडस्ट्री में हैं, लेकिन ज्यादातर मुख्यधारा के बॉलीवुड में दरकिनार कर दिए गए। अब हमारे साथ चीजें अच्छी हैं।












# भूपेश कैबिनेट ने की बैठक में बड़ी घोषणाएं

## ट्रांसफर पर बैन हटाने बनी सहमति



रायपुर, 14 जुलाई 2022।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज उनके निवास कार्यालय में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, जिसमें निम्नानुसार महत्पूर्ण निर्णय लिए गए। आज की बैठक में मछुआ नीति को भी सरकार ने हरी झंडी दी है। ट्रांसफर पर बैन हटाने के लिए मंत्रीमंडल उपसमिति तय करेगा।

प्रदेश में स्वीकृत सहायक आरक्षकों के पदों को समाप्त कर डिस्ट्रिक्ट स्ट्राईक फोर्स संवर्ग के सृजन की स्वीकृत के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इससे पुलिस विभाग के सहायक आरक्षकों के वेतन संबंधी विसंगति को दूर होगी और प्रदेश के समस्त सहायक आरक्षकों को नियमित वेतनमान प्राप्त होगा।

### कैबिनेट के फैसले

- राज्य में प्रचलित मछली नीति के स्थान पर नई मछली पालन नीति लागू करने के प्रस्ताव अनुमोदन किया गया।
- प्रदेश में स्वीकृत सहायक आरक्षकों के पदों को समाप्त कर डिस्ट्रिक्ट स्ट्राईक फोर्स संवर्ग के सृजन की स्वीकृत के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इससे पुलिस विभाग के सहायक आरक्षकों के वेतन संबंधी विसंगति को दूर होगी और प्रदेश के समस्त सहायक आरक्षकों को नियमित वेतनमान प्राप्त होगा।
- स्थानांतरण नीति 2022 के परिपेक्ष्य में यह निर्णय लिया गया कि इस संबंध में मंत्रिमंडलीय उप समिति का गठन किया जाएगा, जिसके सुझाव/अनुशंसा के आधार पर माननीय मुख्यमंत्री का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा।
- प्रथम अनुपूरक अनुमान वर्ष 2022-2023 का विधान सभा में उपस्थापन बाबत् छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक, 2022 के प्ररूप का अनुमोदन किया गया।
- विधान सभा के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष एवं सदस्यों के वेतन एवं भत्तों संशोधन विधेयक 2022 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- छत्तीसगढ़ मंत्री (वेतन तथा भत्ता) अधिनियम, 1972 में संशोधन विधेयक, 2022 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- माननीय मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान मद में प्रावधानित वार्षिक राशि 40 करोड रूपए की सीमा को बढ़ाकर 70 करोड़ रूपए किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया
- क्षेत्र संयोजक से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत के पद पर पदोन्नति हेतु न्यूनतम कालावधि 05 वर्ष में 06 माह की छूट प्रदान करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- वर्ष 2022-23 के लिये आबकारी राजस्व लक्ष्य एवं गौठान के विकास तथा अन्य विकास गतिविधियों के लिये अतिरिक्त राशि की आवश्यकता की प्रतिपूर्ति हेतु ''अतिरिक्त आबकारी शुल्क'' में वृद्धि किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- विघटित परिवहन निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों की असामयिक मृत्यु होने पर आश्रित परिवार के सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने की प्रक्रिया में आवश्यक संशोधन किया गया।
- छत्तीसगढ़ भू-जल (प्रबंधन और विनियमन) विधेयक-2022, के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पूर्व एवं पश्चात् मोटरयानों पर बकाया कर के एकमुश्त निपटान योजना-2020 की मियाद अवधि एक अप्रैल 2022 से माह मार्च 2023 तक बढ़ाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- अप्रैल 2020 से मार्च 2022 कुल 24 माह का सिटी बसों पर बकाया रोड टैक्स की राशि 99.95 लाख को छूट प्रदान करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- औद्योगिक एवं आर्थिक मंदी के दुष्प्रभाव के कारण एचव्ही-4 श्रेणी के स्टील उद्योग अंतर्गत स्टेंड एलोन रोलिंग मिल को प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए राज्य शासन द्वारा विशेष राहत पैकेज अंतर्गत ऊर्जा प्रभार में 01 जुलाई 2022 से 31 मार्च 2023 तक छूट दिए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- छत्तीसगढ़ विद्युत शुल्क अधिनियम, 1949 में संशोधन विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने मछुआरों को दी बड़ी सौगात, नई मछली पालन नीति को केबिनेट में दी मंजूरी

### मछुआरों को दिया जाएगा उत्पादकता का बोनस



रायपुर, छत्तीसगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में आयोजित केबिनेट की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य में नवीन मछली पालन नीति की मंजूर की गई। नवीन मछली पालन का उद्देश्य राज्य में उपलब्ध सम्पूर्ण जल क्षेत्र को मत्स्य पालन के अंतर्गत लाते हुए मत्स्य उत्पादकता में वृद्धि करने के साथ ही गुणवत्तायुक्त मत्स्य बीज उत्पादन तथा मत्स्य पालन को बढ़ावा देकर लोगों को स्वरोजगार प्रदान करना है।

नवीन मछली पालन नीति में राज्य के मछुआरों को उत्पादकता बोनस दिए जाने का प्रावधान भी किया गया है। उत्पादकता बोनस की यह राशि छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य महासंघ को जलाशयों एवं बैराज की नीलाम से प्राप्त होने वाली राशि की 25 प्रतिशत होगी। राज्य में अलंकारिक मछली पालन एवं गम्बुसिया मछली पालन को भी प्रोत्साहित किए जाने का प्रावधान नई नीति में किया गया है।

नवीन मछली पालन नीति में 0 से 10 हेक्टेयर औसत जल क्षेत्र के तालाबों एवं जलाशयों को ग्राम पंचायत द्वारा नियमानुसार 10 वर्षीय पट्टे प्रदान किया जाएगा। पंचायत राज्य व्यवस्था के अंतर्गत 10 हेक्टेयर से अधिक एवं 100 हेक्टेयर औसत जल क्षेत्र के तालाबों एवं जलाशयों को मछली पालन के लिए खुली निविदा आमंत्रित कर 10 वर्ष के लिए पट्टे पर आबंटित करने का अधिकार जनपद पंचायत को, 100 हेक्टेयर से अधिक एवं 200 हेक्टेयर के तालाबों एवं जलाशयों को जिला पंचायत द्वारा, 200 से अधिक एवं 1000 हेक्टेयर तक के जलाशय एवं बैराज को मछली पालन विभाग द्वारा पट्टे पर आबंटित किया जाएगा।

1000 हेक्टेयर से अधिक के जल क्षेत्र वाले जलाशय एवं बैराज छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य महासंघ के आधिपत्य में रहेंगे। मत्स्य महासंघ द्वारा जलाशय एवं बैराज को पट्टे पर दिए जाने हेतु खुली निविदा से प्राप्त आय का 50 प्रतिशत राशि मछली पालन विभाग के राजस्व खाते में देय होगी। शेष 50 प्रतिशत का 25 प्रतिशत हिस्सा स्थानीय स्तर पर मत्स्याखेट करने वाले मछुआरों को उत्पादकता बोनस के रूप में दिया जाएगा।

नवीन मछली पालन नीति के प्रावधान के अनुसार राज्य में नदियों पर बने एनिकटों एवं उन पर स्थित डीप पूल जो 20 हेक्टेयर से अधिक के हैं, उन्हें संचालक मछली पालन द्वारा निर्धारित समयावधि के लिए मछुआ समूह, मत्स्य सहकारी समिति, महिला स्व सहायता समूह, मछुआ व्यक्ति को पट्टे पर नियमानुसार दिया जाएगा। इसके लिए एनिकटों एवं दहो के आसपास के ग्रामीण, जो मत्स्याखेट से जीवन यापन करते हो, उन मछुआरों का नदी एवं दहवार सहकारी समिति का गठन किया जाएगा।

नदियों एवं 20 हेक्टेयर से कम जल क्षेत्र वाले एनिकट व डीप पूल में नि:शुल्क मत्स्याखेट की व्यवस्था यथावत रहेगी। नगरीय निकाय के अंतर्गत आने वाले समस्त जल क्षेत्र नगरीय निकाय के अंतर्गत रहेंगे। नगरीय क्षेत्रों तथा नगरीय निकायों के तालाबों एवं जलाशयों को शासन की नीति के अनुसार पट्टे पर आबंटित किया जाएगा।

नवीन मछली पालन नीति के अनुसार 0 से 10 हेक्टेयर औसत जल क्षेत्र के जलाशयों/तालाबों का आबंटन मछुआ समूह, मत्स्य सहकारी समिति एवं आजीविका मिशन के तहत गठित स्थानीय महिला समूह, मछुआ व्यक्ति व मत्स्य कृषक को प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

मछली पालन में डिप्लोमा, स्नातक या स्नातकोत्तर व्यक्ति एवं बेरोजगार युवा मछुआ व्यक्ति व मत्स्य कृषक माने जाएंगे। गौठानों के लिए निर्मित तालाबों में मछली पालन का कार्य गौठान समिति या उनके द्वारा चिन्हित समूह करेगा। पंचायतों द्वारा लीज राशि में बढ़ोतरी प्रति दो वर्ष में 10 प्रतिशत की वृद्धि कर निर्धारण किया जाएगा, जिसका उपयोग जनहित के विकास कार्यों में किया जाएगा।

नवीन मछली पालन नीति में आदिवासी सहकारी समिति में गैर आदिवासी सदस्यों का प्रतिशत 33 से घटाकर 30 करने के प्रावधान के साथ ही अनुसूचित जाति अधिसूचित क्षेत्र में मछुआ सहकारी समिति के अध्यक्ष का पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किया गया है। समिति के उपाध्यक्ष पद हेतु मछुआ जाति के सदस्य को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रत्येक गांव में कलेक्टर या उनके प्रतिनिधि, जो अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से कम स्तर के न हो, के द्वारा निस्तारी तालाब का चिन्हांकन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को श्रावण मास की दी शुभकामनाएं

रायपुर, 14 जुलाई 2022। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भगवान शिव की आराधना के प्रतीक पवित्र श्रावण मास के शुभारंभ पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख,समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। श्री बघेल ने कहा है कि सावन मास के प्रारंभ के साथ ही शिव जी की विशेष आराधना शुरू हो जाती है। श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव से सावन सोमवार को शिवजी का व्रत रखते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन मास के दौरान शिवालयों में भक्तों की भीड़ होती है, कांवर निकलते हैं। इस दौरान सभी नागरिक कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित रहें।

### छत्तीसगढ़ी अभिनेत्री की सड़क हादसे में मौत, छालीवुड में छाया मातम



रायपुर, 14 जुलाई 2022। छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत से बड़ी खबर सामने आ रही है। छत्तीसगढ़ी फिल्म एक्ट्रेस पुष्पांजली शर्मा का सड़क हादसे में मौत हो गई है। बताया जा रहा है की अभिनेत्री तीर्थ के बाद बस वापस लौट रही थी, इसी दौरान बस और ट्रक में भीषण टक्कर हो गयी। इस हादसे में अभिनेत्री की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, अभिनेत्री पुष्पांजलि शर्मा अपने कॉलोनी की दो महिला के साथ तीर्थ यात्रा पर गयी थी। वहां से वापस लौटते वक्त बस और ट्रक में जोरदार टक्कर हो गयी। इससे उन्ही मौत हो गई। पुष्पांजलि शर्मा रायपुर के जोरा की रहने वाली है। घटना सतोली के पास की बतायी जा रही है।

### प्रदेश व तेलंगाना की सीमा पर स्थित तारलागुड़ा गांव पर मंडरा रहा खतरे की घण्टी

बीजापुर,14 जुलाई 2022। छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर के बीजापुर जिले में पिछले सप्ताह भर से अनवरत बारिश जारी है, जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अनवरत बारिश से नदी नाले पूरे सबाब पर है, जिससे नदी नालों के किनारे स्थित गांव धीरे धीरे डूबने की स्थिति में हैं । तेलंगाना राज्य की सीमा पर स्थित प्रदेश व जिले का अंतिम गांव तारलागुड़ा की स्थिति भी कुछ ऐसे ही होती जा रही है । तारलागुड़ा से होकर बहने वाली गोदावरी नदी का पानी अब गांव तक पहुंच गया है और लोगों के घरों में घुसने लगा है । अनवरत हो रही बारिश से बाढ़ बढने के आसार हैं, यदि ऐसा ही हाल रहा तो गांव के कई घर पानी की चपेट में आ सकते हैं, जिससे जान माल का नुकसान होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता । हालांकि जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से बचाव और राहत कार्य मे जुटी हुई है और परिस्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है ताकि हर स्थिति का सामना करते हुए लोगों को राहत पहुंचाई जा सके ।

### कबीरधाम जिले के तीन आरक्षक हुए पदोन्नत

कवर्धा, 14 जुलाई 2022। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग के आदेशानुसार पदोन्नति हेतु जारी योग्यता सूची, तथा एस.ओ.पी. नियम के तहत वर्ष 2022 में जिला पुलिस कबीरधाम के तीन आरक्षक (1) आरक्षक क्रमांक-406 विजय राम धुर्वे,(2) लक्ष्मी कांत मिश्रा,( डीसीबी शाखा),(3) आरक्षक क्रमांक 406 हरिशंकर प्रसाद तिवारी का आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति हुआ है। जिन्हें दिनांक-13.07.2022 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कबीरधाम पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे तथा पदोन्नत आरक्षक विजय राम धुर्वे के सुपुत्र विशाल धुर्वे के द्वारा अपने पिता के एक कंधे पर फ्ती लगाया गया तथा आरक्षक हरिशंकर प्रसाद तिवारी की सुपुत्री कुमारी काव्या तिवारी के द्वारा अपने पिता के एक कंधे पर फ्ती लगाया गया, आरक्षक लक्ष्मी कांत मिश्रा के एक कंधे पर पुलिस कप्तान तथा एक कंधे पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा फ्ती लगाकर मुंह मीठा करा प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान किया गया।

## ब्लू फिल्म दिखाकर रेप करने वाला आरोपी रायपुर से गिरफ्तार

बिलासपुर, 14 जुलाई 2022। सरकंडा के जांजी तालाब के पास रहने वाला युवक 12 साल की नाबालिग को अश्लील वीडियो दिखाकर दुष्कर्म करता था। इसके अलावा उसने नाबालिग का अश्लील वीडियो भी बना लिया था। नाबालिग ने इसकी जानकारी स्वजन को देकर सरकंडा थाने में शिकायत की। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित की



तलाश शुरू कर दी। इस बीच आरोपित फरार हो गया। आज पुलिस ने रायपुर में दबिश देकर आरोपित को गिरफ्तार किया है। सरकंडा क्षेत्र में रहने वाली पीड़ित ने तीन जुलाई को दुष्कर्म की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि उसकी 12 साल की बेटी को बंधवापारा के जांजी तालाब के पास रहने वाले दुर्गेश यादव(28) ने काम के बहाने घर में बुलाकर अश्लील वीडियो दिखाकर दुष्कर्म किया। उसने इसकी वीडियो भी बना ली। बाद में वह नाबालिग को उसका अश्लील वीडियो दिखाकर धमकी देता था। वीडियो को इंटरनेट मीडियो में वायरल करने की धमकी देकर वह बार-बार उससे दुष्कर्म करने लगा। उसकी प्रताड़ना से परेशान होकर नाबालिग ने स्वजन को इसकी जानकारी दी। इसके बाद अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की। शिकायत पर पुलिस दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। इस बीच वह अपने घर से फरार हो गया। पुलिस और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम उसकी तलाश कर रही थी। साइबर सेल को जानकारी मिली कि आरोपित रायपुर में रह रहा है। इस पर पुलिस ने रायपुर में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया है।

## राष्ट्रपति निर्वाचन के लिए छत्तीसगढ़ पहुंची मतपेटी और अन्य सामग्री,18 को होना है मतदान

रायपुर, 14 जुलाई 2022। भारत के 16वें राष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए 18 जुलाई



को होने वाले मतदान के लिए मतपेटी एवं अन्य सामग्री छत्तीसगढ़ पहुंच गई है. नई दिल्ली स्थित भारत निर्वाचन आयोग से मतदान सामग्री लेकर सहायक रिटर्निंग अधिकारी दिनेश त्रिवेदी और उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय कुमार अग्रवाल बुधवार शाम नियमित विमान से रायपुर पहुंचे.।

## असिस्टेंट जेलर के घर पर अटैक

**हमलावर बोले- जिसे बुलाना है बुला लो, जान से मार देंगे, किसी को नहीं छोड़ेंगे**

दुर्ग, 14 जुलाई 2022। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जेल के असिस्टेंट जेलर के घर पर तोड़फोड़ की खबर सामने आई है. अज्ञात हमलावारों ने वारदात को अंजाम दिया है. बीती रात तकरीबन साढ़े तीन बजे के आसपास की घटना है. दुर्ग की पद्नाभपुर पुलिस चौकी की टीम जांच में जुटी है.

घटना के संबंध में परिजनों ने जो पुलिस को बताया है, उसके मुताबिक दुर्ग जेल परिसर में ही स्टाफ क्वार्टर हैं. वहीं पर एफ-3 में असिस्टेंट जेलर अशोक साव का निवास है.

रात तकरीबन साढ़े तीन बजे के आसपास कुछ लड़के घर पहुंचे. दरवाजा को जोर-जोर से बजाने लगे और तोड़ने की कोशिश में लगे रहे. इस बीच पूरे समय हमलावर कहते रहे, जिसे बुलाना है बुला लो. जान से मार देंगे. किसी को नहीं छोड़ेंगे, जिसे बुलाना है बुलो लोज्इस तरह की आवाज आ रही थी.

खिड़की की कांच तोड़ दिए हैं. चाकू से अन्य सामान को भी नुकसान पहुंचाए हैं.जिस वक्त ये कांड हुआ, उस टाइम सभी सो रहे थे. जोर से आवाज आने पर उठे और पुलिस को सूचना दी. तब तक बदमाश वहां से भाग गए थे.।

## हाईकोर्ट का डीजीपी अशोक जुनेजा को नोटिस,मांगा जवाब

बिलासपुर, 14 जुलाई 2022। हाईकोर्ट ने डीजीपी अशोक जुनेजा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बता दें कि एएसआई ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की थी। अदालत से दोषमुक्त करार दिए जाने के बाद भी एक सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) को सेवा में बहाल नहीं किया गया। इस पर डीजीपी अशोक जुनेजा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

**आईजी ने किया था बर्खास्त**

दरअसल अधिवक्ता अभिषेक पांडेय ने बताया कि बीजापुर निवासी आनंद जाटव सुकमा जिला में एएसआई के पद पर पदस्थ थे। पदस्थापना के दौरान आनंद जाटव के विरूद्ध सुकमा थाना में अपराध पंजीबद्ध होने पर क्रिमिनल ट्रायल के दौरान पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) बस्तर रेंज ने उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया था।

मामले में चले क्रिमिनल ट्रायल के बाद 13 अप्रैल 2021 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुकमा ने एएसआई को पूर्ण रूप से दोषमुक्त कर दिया था। इसके बाद भी डीजीपी ने आनंद जाटव को सेवा में बहाल ना कर उसकी अपील



को निरस्त कर दिया था। इस पर आवेदक ने पुन: डीजीपी के समक्ष पुर्नविलोकन अभ्यावेदन पेश किया। मामले में हाईकोर्ट ने 4 जनवरी को डीजीपी को 60 दिवस के भीतर याचिकाकर्ता के पुर्नविलोकन अभ्यावेदन का निराकरण करने के लिए आदेशित किया था। इसके बाद भी एएसआई को सेवा में बहाल नहीं किया गया।

**हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर किया था**


फिर आनंद जाटव ने अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय और लक्ष्मीन कश्यप के माध्यम से हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर किया था। अधिवक्ता अभिषेक और लक्ष्मीन ने अदालत के समक्ष तर्क दिया कि पुलिस रेगुलेशन 1861 के पैरा-241 में प्रावधान है कि यदि कोई शासकीय सेवक के विरूद्ध चल रहे आपराधिक ट्रायल/मामले में वह पूर्ण रूप से दोषमुक्त हो जाता है, तो वह पुन: सेवा में बहाली का पात्र है।

लेकिन डीजीपी अशोक जुनेजा ने हाईकोर्ट से पारित आदेश का पालन नहीं करते हुए याचिकाकर्ता को सेवा में बहाल नहीं किया है। जस्टिस कोशी ने अवमानना याचिका की सुनवाई के बाद मामले को स्वीकार करते हुए डीजीपी जुनेजा को इस मामले में तत्काल अपना जवाब पेश करने के लिए नोटिस जारी किया है।

## गोमपाड़ में 16 आदिवासियों के मारे जाने की जांच की मांग सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज,याचिकाकर्ता हिमांशु पर लगाया 5 लाख का जुर्माना

रायपुर, 14 जुलाई 2022। सुप्रीम कोर्ट ने 2009 में छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के गोमपाड़ में 16 आदिवासियों के मारे जाने के मामले की जांच की मांग को खारिज कर दिया है। जस्टिस एएम खानविलकर और जे बी पारदीवाला की पीठ ने इस मामले में याचिकाकर्ता हिमांशु कुमार पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके लिए सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार को चार सप्ताह की मोहलत दी गई है।









**राज्य सरकार कर सकती है कार्रवाई**

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में झूठा आरोप लगाने संबंधी केंद्र सरकार की दलील पर कहा कि वे आईपीसी की धारा 211 के तहत कार्रवाई करने का निर्णय छत्तीसगढ़ सरकार पर छोड़ते हैं। अदालत ने कहा कि इस मामले में केवल झूठा आरोप लगाने का ही नहीं, बल्कि आपराधिक साजिश रचने पर भी कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस मामले में अंतर-राज्यीय प्रभाव हो सकते हैं। उन्होंने इस मामले में केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच की मांग करते हुए अदालत से इसे स्पष्ट करने का अनुरोध किया। अदालत ने उनका अनुरोध मान लिया है।

**अब न्याय मांगने में डरेगा आदिवासी -हिमांशु**

फ़ैसले के बाद हिमांशु कुमार ने कहा कि ÷यह आदिवासियों के न्याय मांगने के अधिकार पर बड़ा हमला है। अब आदिवासी न्याय मांगने में डरेगा। इससे तो यही साबित होता है कि पहले से ही अन्याय से जूझ रहा आदिवासी अगर अदालत में आएगा तो उसे ही सजा दी जाएगी। इसके साथ-साथ जो भी आदिवासियों की मदद की कोशिश कर रहे हैं, उन लोगों के भीतर भी डर पैदा करेगा।÷

**16 नक्सलियों को मारने का किया था दावा**

साल 2009 में गोमपाड़ में पुलिस ने 16 माओवादियों के मारे जाने का दावा किया था। लेकिन इस मामले में घायल एक आदिवासी महिला ने दावा किया था कि सुरक्षाबलों ने गांव के निर्दोष लोगों की फर्जी मुठभेड़ में हत्या की है। 14 साल का अयाता नुलकातोंग नरसंहार के पीड़ितों में से एक था, जिसे एनकाउंटर में वयस्क बताकर मारने की बात कही गयी। इस दौरान कुछ नवयुवक भी मारे गए थे। ग्रामीणों का कहना था कि गोमपाड़ में पुलिस के आने की सूचना पर अधिकांश पुरुष सदस्य भागकर जंगल में एक झोपड़ी में छिप गए थे, जिन्हें पुलिस ने मारा और इसे एनकाउंटर बताया।

इस मामले में दंतेवाड़ा में रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार और अन्य 12 लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

लगभग 13 बरसों तक चली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित करने की भी बात कही थी। लेकिन स्वतंत्र जांच की बात टल गई। इसी साल अप्रैल में केंद्र सरकार की ओर से हिमांशु कुमार और अन्य याचिकाकर्ताओं के ख़िलाफ़ अदालत में आवेदन दिया गया और याचिकाकर्ताओं के खिलाफ ही सीबीआई या एनआईए से जांच की मांग की गई थी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)